RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 135 • 05:09:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

# सिंगापुर में पीएम मोदी का जोरदार स्वागत, महिला ने बांधी राखी

एजेंसी। सिंगापुर

## भगवा रंग का गमछा भेंटकर लोगों ने ली सेल्फी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई के दौरे के बाद 2 दिन की यात्रा पर बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भारतीय समुदाय का उत्साह देखकर पीएम मोदी ने ढोल भी बजाया। लोगों ने पीएम मोदी को भगवा रंग का गमछा भेंट किया। सिंगापुर के जिस होटल में पीएम मोदी ठहरे हैं, उसके बाहर भी भारतीय समुदाय के लोग उनके स्वागत के लिए वहां मौजूद रहे। इस मौके पर लोगों ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी भी ली। वहीं एक महिला ने उन्हें राखी भी बांधी। सिंगापुर यात्रा के दौरान वे राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग सहित कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने वाले है। पीएम सिंगापुर के कारोबारी समुदाय के नेताओं से भी मिलने वाले है। इसके पहले बुधवार को पीएम मोदी ने ब्रुनेई सुल्तान बोल्किया के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों



नेताओं के बीच रक्षा, व्यापार, शिक्षा, तकनीक और स्वास्थ्य जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद भारत और ब्रुनेई के बीच एमओयू भी साइन हुए। उन्होंने बंदर सेरी बेगवान और चेन्नई के बीच सीधी फ्लाइट शुरू करने के फैसले का स्वागत किया। इसके अलावा दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने आसियान देशों के विकास के लिए काम करने पर सहमति जाहिर की। ब्रुनेई के सुल्तान ने पीएम मोदी के सम्मान में दुनिया के सबसे बड़े महल इस्ताना नुरुल इमान में लंच भी होस्ट किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, ब्रुनेई में मेरा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया, जिसके लिए मैं शाही परिवार को धन्यवाद देता हूं। यह किसी भारतीय पीएम की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। यहां मिले अपनेपन ने मुझे दोनों देशों के सदियों पुराने संबंधों का अहसास कराया है। भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और इंडो-पैसेफिक विजन में ब्रुनेई अहम साझेदार रहा है। भारत ने हमेशा आसियान देशों में शांति को प्राथमिकता दी है। चीन का नाम लिए बिना पीएम मोदी ने कहा, भारत विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद का समर्थक है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस साल भारत और ब्रुनेई के राजनीतिक संबंधों के 40 साल पूरे हो गए हैं। इसके बाद हम लोगों ने तय किया है कि दोनों देशों के रिश्तों को एनहैंस्ड पार्टनरशिप (आगे बढ़ती साझेदारी) का दर्जा दिया जाए। मुझे खुशी है कि भारतीय ब्रुनेई के विकास में अपना योगदान दे रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने श्री गुरुग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरुग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शुभकामना संदेश के साथ एक्स हैंडल पर अपना एक फोटो भी साझा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है, ''श्री गुरुग्रंथ साहिब दुनिया भर में लाखों लोगों को दूसरों की सेवा और देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हैं। यह हमें अपने समाज में भाईचारे और सद्भाव के बंधन को आगे बढ़ाना भी सिखाता है। इसकी बुद्धिमत्ता हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के हमारे प्रयासों में हमारा मार्गदर्शन करती रहे।

# हमारी सरकार बनी तो पहला काम राज्य का दर्जा वापस दिलाना

## बीजेपी-आरएसएस फैला रहे नफरत : राहुल

**रामबन**। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। जम्मू-कश्मीर के रामबन की रैली में राहुल गांधी ने बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा, बेरोजगारी, बिजली समस्या और देश में फैली नफरत को लेकर अपनी बात शुरु की। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार राज्य का दर्जा छीना गया है। एक राज्य को खत्म कर दिया और लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि पूरे देश में बीजेपी और आरएसएस के लोग नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। उनका काम नफरत फैलाना है और हमारा काम मोहब्बत फैलाने का है। वह तोड़ते हैं और हम जोड़ते हैं। नफरत को मोहब्बत से ही हराया जा सकता है। आखिर में मोहब्बत की ही जीत होती है। पहले नरेंद्र मोदी छाती फैलाकर आते थे और अब झुककर आते हैं। हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार स्टेटहुड छीना गया है। राहुल गांधी ने रैली में मौजूद जनता से कहा कि आपका राज्य ही नहीं छीना गया है, आपके अधिकार, आपकी संपत्ति, सब कुछ छीना जा रहा है। 1947 में हमने राजाओं को हटाकर लोकतांत्रिक सरकार बनाई, हमने



देश को संविधान दिया। आज जम्मू-कश्मीर में राजा हैं, उनका नाम एलजी है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारा पहला कदम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा। हम चाहते थे कि चुनाव से पहले आपको राज्य का दर्जा मिले और चुनाव जम्मू-कश्मीर के राज्य बनने के बाद हों लेकिन बीजेपी ऐसा नहीं चाहती है वे चाहते थे कि पहले चुनाव हो जाएं और फिर राज्य के दर्जे पर बात हो। बीजेपी चाहे या न चाहे, इंडिया गठबंधन उन पर दबाव बनाएगा और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलवाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की गठबंधन सरकार यहां सत्ता में आने वाली है।

हम सभी सरकारी रिक्त पदों को भरेंगे और आयु सीमा को 40 साल तक बढ़ाएंगे, हम दिहाड़ी मजदूरों को नियमित और स्थायी करेंगे और हम उनकी आय बढ़ाएंगे। हमारा लक्ष्य सबको साथ लेकर जम्मू-कश्मीर की सरकार चलाना होगा, सभी का सम्मान होना चाहिए, हमें सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार केवल अडाणी और अंबानी को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है। जम्मू-कश्मीर में देश के बाकी हिस्सों से ज्यादा बेरोजगारी है। कभी मोदीजी समुद्र के नीचे चले जाते हैं, कभी किसी राजनेता को गले लगाते हैं लेकिन वह कभी बेरोजगारी के बारे में बात नहीं करते। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार सत्ता में आने वाली है।

उन्होंने कहा कि अब नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान की जनता से डरते हैं और अब थोड़ा सा वक्त बचा है, हम नरेंद्र मोदी और बीजेपी को सरकार से हटा देंगे। हम चाहते हैं कि देश में भाईचारा हो, सबकी इज्जत हो, एक-दूसरे के साथ अच्छे से बात हो। एक दूसरे के धर्म का सम्मान हो। देश में नफरत नहीं मोहब्बत का मौहाल हो। राहुल ने कहा कि घाटी इतनी खूबसूरत जगह है, मुझे चुनाव के बाद यहां आना ही पड़ेगा। आपने यहां मेरे लिए 45 मिनट का कार्यक्रम बनाया यहां कम से कम 2 से 3 दिन का कार्यक्रम तो बनना चाहिए, मुझे ऐसी जगह, इतने प्यारे लोग देखने को नहीं मिलते, कम से कम मुझे 2 से 3 दिन यहां घुमाइए।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को पोषण ट्रैकर पहल के लिए ई-गवर्नेंस 2024 के क्षेत्र में मिला राष्ट्रीय पुरस्कार



**नई दिल्ली**। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को पोषण ट्रैकर पहल के लिए ई-गवर्नेंस 2024 (स्वर्ण) का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार सरकारी प्रक्रिया री-इंजीनियरिंग और डिजिटल परिवर्तन के लिए पोषण ट्रैकर पहल को दिया गया है। पोषण ट्रैकर बच्चों के पोषण विकास की वास्तविक समय की निगरानी और मूल्यांकन के साथ बच्चों के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मिशन पोषण 2.0 ने अपनी मासिक विकास निगरानी पहल - पोषण ट्रैकर के माध्यम से लाखों युवा जीवन के विकास पर नज़र रखने में उल्लेखनीय प्रगति की है। पोषण ट्रैकर कार्यक्रम ने विकास के मुद्दों की सफलतापूर्वक पहचान की है और उन्हें संबोधित किया है, जिससे लक्षित हस्तक्षेपों और बेहतर पोषण परिणामों का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

### भड़के किम जोंग: बाढ़ से तबाही रोकने में नाकाम रहे 30 अफसरों को फांसी पर लटकाया

**प्योंगयॉग**। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग की नाराजगी का शिकार 30 अफसरों को होना पड़ा है। इनका दोष सिर्फ इतना था कि वे बाढ़ से होने वाली तबाही को रोकने में कामयाब नहीं हो पाए थे। हालांकि, उन पर करप्शन के भी चार्ज थे। बाढ़ की तबाही देखर किम जोंग उन इस कदर भड़क उठे कि उन्होंने 30 अधिकारियों को एक साथ एक ही जगह फांसी पर लटका दिया। रिपोर्ट की मानें तो तानाशाह किम जोंग ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया था। बाढ़ की विभीषिका देखकर वह क्रोधित हो चुके थे। बाढ़ में 4000 लोगों की मौत से वह इस कदर आहत हुए कि उन्होंने आव न देखा ताव, तुरंत उत्तर कोरिया में बाढ़ में लापरवाही बरतने के आरोप में 30 अधिकारियों को मौत के घाट उतार दिया। बता दें कि उत्तर कोरिया में किसी अपराध के लिए आमतौर पर लोगों को सार्वजनिक रूप से फांसी देने की दर बहुत अधिक है। कोरोना महामारी से पहले नॉर्थ कोरिया में हर साल औसतन 10 लोगों को सार्वजनिक रूप से फांसी दी जाती थी। रिपोर्ट की मानें तो कोरोना काल के बाद से यह दर और भी बढ़ गई है। पिछले साल कम से कम 100 लोगों को फांसी दी गई। यह जानकारी दक्षिण कोरियाई मीडिया ने दी है। तानाशाह किम जोंग उन सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर कोरिया में 20 से 30 नेताओं पर भ्रष्टाचार और ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप लगा था। इसके बाद उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। अधिकारी की मानें तो यह पता चला है कि पिछले महीने के आखिर में बाढ़ प्रभावित इलाके में 20 से 30 अफसरों को एक साथ एक ही जगह मौत के घाट उतार दिया गया।



# दिल्ली में केंद्र सरकार ने क्यों बढ़ाई उपराज्यपाल की शक्तियां

एजेंसी। नई दिल्ली

एमसीडी में 12 वार्ड समितियों के चुनाव से पूर्व केंद्र सरकार ने दिल्ली के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ा दी हैं। एलजी को अब दिल्ली महिला आयोग, दिल्ली विद्युत नियामक आयोग जैसे किसी भी प्राधिकरण, बोर्ड और आयोग के गठन का पूर्ण अधिकार दे दिया गया है। गजट नोटिफिकेशन में बताया गया कि राष्ट्रपति ने संसद द्वारा अधिनियमित कानूनों के तहत दिल्ली के लिए किसी भी प्राधिकरण, बोर्ड, आयोग या वैधानिक निकाय का गठन और सदस्यों की नियुक्ति करने की शक्ति उपराज्यपाल को सौंपी है। गजट अधिसूचना के बाद लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना ने एमसीडी वार्ड समिति चुनावों के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की है। इसके पहले मेयर शैली ओबेरॉय ने चुनाव कराने के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति करने से इंकार किया था। शैली का कहना था कि उनकी अंतरात्मा उन्हें अलोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं देती है। अब उपराज्यपाल ने आदेश दिया है कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्थायी समिति के सदस्यों के पदों के लिए चुनाव निर्धारित कार्यक्रम (4 सितंबर) के अनुसार ही होगा। अधिसूचना में कहा गया है, राष्ट्रपति निर्देश देती हैं कि दिल्ली के उपराज्यपाल, राष्ट्रपति के नियंत्रण के अधीन रहते हुए तथा अगले आदेश तक उक्त अधिनियम की धारा 45डी के खंड (क) के अधीन राष्ट्रपति की शक्तियों का प्रयोग किसी प्राधिकरण, बोर्ड, आयोग या किसी वैधानिक निकाय के गठन के लिए कर सकते है। चाहे उस किसी भी नाम से जाना जाता हो या इसतरह के प्राधिकरण, बोर्ड, आयोग या किसी वैधानिक निकाय में किसी सरकारी अधिकारी या पदेन सदस्य की नियुक्ति के लिए करेगा।

# ईपीएस पेंशनभोगियों को 1 जनवरी से देश के किसी भी बैंक और ब्रांच से मिलेगी पेंशन

एजेंसी। नई दिल्ली

कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के पेंशनभोगियों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) को मंजूरी दे दी है। इससे ईपीएस पेंशनभोगियों को 1 जनवरी, 2025 से देश में कहीं भी, किसी भी बैंक और किसी भी शाखा से पेंशन मिलेगी। इसके तहत 78 लाख से अधिक कर्मचारियों को फायदा होगा, जो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का हिस्सा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री तथा ईपीएफ



के केंद्रीय न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष ने कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के लिए केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने जारी बयान में कहा कि ईपीएस पेंशनभोगी 1 जनवरी, 2025 से भारत में कहीं भी, किसी भी बैंक और किसी भी शाखा से पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। इस ऐतिहासिक निर्णय के बारे में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) की स्वीकृति ईपीएफओ के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मंडाविया ने कहा कि पेंशनभोगियों को देश में कहीं भी किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन हासिल करने में सक्षम बनाने वाली ये पहल पेंशनभोगियों के सामने आने वाली लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करती है और एक निर्बाध और कुशल संवितरण तंत्र सुनिश्चित करती है। मंत्रालय के अनुसार पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होने के समय किसी भी सत्यापन के लिए बैंक के शाखा में जाने की भी जरूरत नहीं होगी। पेंशन जारी होने पर तुरंत जमा कर दी जाएगी। इसका अगले चरण में आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) में बदलाव होगा। इसके अलावा ईपीएफओ को उम्मीद है कि नई प्रणाली में जाने के बाद पेंशन वितरण में उल्लेखनीय लागत में कमी आएगी। गौरतलब है कि पिछले महीने ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को अपनी मंजूरी दी है, जो एक सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन और पारिवारिक पेंशन प्रदान करेगी। इस योजना से लगभग 23 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों को लाभ होगा।


## केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना, कहा- पवित्र कर्तव्य की अनदेखी की

**नई दिल्ली**। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में नौ अगस्त को एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्याकांड के बाद लाए गए बलात्कार रोधी विधेयक पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कटघरे में खड़ा किया है। रिजिजू ने एक्स पोस्ट में 2018 का एक पत्र अपलोड किया है। इसमें महिला अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई की जिक्र है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा ने सर्वसम्मति से मंगलवार को बलात्कार रोधी विधेयक पारित किया गया है । इसमें यदि पीड़िता की मौत हो जाती है या 'कोमा' में जाने की स्थिति हो जाती है तो दोषियों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। किरेन रिजिजू ने लिखा, "मुझे दुख है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बच्चों को त्वरित न्याय प्रदान करने के अपने सबसे पवित्र कर्तव्य की अनदेखी की। यह पत्र 2021 का है, जिसमें सारी बाते स्पष्ट है। 2018 में बलात्कार और हत्या जैसे खतरनाक अपराधों से निपटने के लिए संसद द्वारा एक कड़ा कानून पारित किया गया था।

## केंद्रीय गृह मंत्री की उपस्थिति में त्रिपुरा के दो अलगाववादी संगठनों से समझौता

एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में बुधवार को नई दिल्ली में भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार, नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के प्रतिनिधियों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, गृह मंत्रालय और त्रिपुरा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और दोनों संगठनों के नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आज के समझौते के साथ ही दोनों संगठनों के 328 कार्यकर्ता मुख्यधारा में शामिल होंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि केन्द्र सरकार समझौते का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करेगी। सरकार क्षेत्र



के विकास और अलगाव के कारणों को जड़ से मिटाने की दिशा में काम करेगी। सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए 2500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इससे आदिवासी क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हर समझौते का अक्षरशः पालन किया है। हमने हृदय की भावना से समझौतों को जमीन पर उतारा है। इसका परिणाम है कि मुख्यधारा में लोग जुड़ रहे हैं विकास में भागीदार बन रहे हैं। मोदी सरकार संवाद और शांति के माहौल में सक्षम और विकसित पूर्वोत्तर के लिए काम कर रही है।

## सुप्रीम कोर्ट हुआ सख्त- सहारा से पूछा कैसे चुकाएंगे 10 हजार करोड़,कल तक स्पष्ट करें

एजेंसी। नई दिल्ली

सहारा की देनदारियों को लेकर बीते कई सालों से मामला चल रहा है। इसके बाद भी पूरी तरह निराकरण नहीं हो पाया है। इस पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए साफ कहा कि 10 हजार करोड़ चुकाने की पूरी योजना कल यानी 5 सितंबर तक बताएं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बेला त्रिवेदी और एमएम सुंदरेश के पीठ ने सहारा के वकील कपिल सिब्बल से पूछा, 10 साल से ज्यादा बीत चुके हैं और आपने अभी तक रकम जमा नहीं कराई है। सेबी बाकी 10,000 करोड़ रुपये मांग रहा है। आप बाकी 10,000 करोड़



रुपये कैसे देंगे?सहारा के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, कंपनी को अपनी संपत्तियां बेचने के लिए उचित मौका नहीं मिला क्योंकि कोई भी उसकी संपत्तियों पर हाथ डालना नहीं चाहता। इस पर अदालत ने कहा कि आपको पर्याप्त मौके दिए गए। न्यायमूर्ति खन्ना ने यह भी स्पष्ट किया कि परिसंपत्तियों की बिक्री पर कोई रोक नहीं है। अदालत ने सहारा को निर्देश दिया कि वह 10,000 करोड़ रुपये चुकाने के लिए जिन परिसंपत्तियों को बेच सकती है उसकी सूची 5 सितंबर तक तैयार करे। बुधवार को मामले की फिर सुनवाई होगी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि सहारा इंडिया को कुल 25,000 करोड़ रुपये के भुगतान में से 10,000 करोड़ रुपये चुकाने के लिए पर्याप्त मौके दिए गए। अदालत ने 2012 में कंपनी को 25,000 करोड़ रुपये चुकाने का आदेश दिया था। अदालत ने कहा, हमें सूचना मिली है कि पूंजी बाजार नियामक के पास सेबी-सहारा फंड में अभी 15,000 करोड़ रुपये हैं। अदालत को बताया गया कि बाकी रकम के बारे में पूरी तरह से अस्पष्टता है।

# जनसुराज रैंकिंग वालों को बनाएगा प्रत्याशी

**नई दिल्ली**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जोड़-तोड़ के साथ ही जीत दिलाने वाले प्रत्याशियों की तलाश भी शुरु हो गई है। ऐसे में जनसुराज पार्टी ने तय किया है कि प्रदेश की सभी 243 सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे। इसके चलते जहां प्रखंड स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों को नियुक्त किया जा रहा है, वहीं प्रत्याशी बनाए जाने का पैमाना भी तय कर दिया गया है। इस संबंध में जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मीडिया से बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में जनसुराज अपने उम्मीदवारों का चयन रैंकिंग के आधार पर करेगा। प्रशांत किशोर का कहना है कि उनका दल महिला उम्मीदवारों के साथ ही मुस्लिम उम्मीदवारों को खास अवसर प्रदान करने जा रहा है। वैसे इस बात को प्रशांत किशोर पहले भी कह चुके हैं, लेकिन अब



जबकि पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य की सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार तय किए जाने हैं तो ये किस स्ट्रजी के तहत होंगे, इस पर सभी की नजरें हैं। प्रशांत किशोर बताते हैं कि जनसुराज किस तरह उम्मीदवारों का चयन करने जा रही है और किन लोगों को टिकट देने पर विचार करते हुए किन्हें प्राथमिकता में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार को टिकट देना है या नहीं देना यह जनता ही तय करेगी। दरअसल जनता के द्वारा दी गई रैंकिंग से ही यह तय होगा कि कौन पार्टी का उम्मीदवार होगा। रैंकिंग प्रक्रिया को भी तय कर दिया गया है। इनमें खास बात यह भी है कि 243 सीटों में से दो तिहाई सीटों पर ऐसे उम्मीदवार पार्टी उतारेगी जो पहले कभी राजनीति में नहीं रहे या कभी चुनाव नहीं लड़े। प्रशांत किशोर बताते हैं कि जिस तरह से अमेरिका में राष्ट्रपति उम्मीदवार का चयन होता है ठीक उसी से जनसुराज अपने उम्मीदवारों का चयन करेगी। अमेरिका में उम्मीदवार चयन से पहले खुद उम्मीदवार अपने रोडमैप के बारे में लोगों को बताता है, इस पर उसकी रैंटिंग होती है और उसी से उसका टिकट पक्का होता है। इस लिहाज से प्रशांत किशोर बताते हैं कि प्रत्येक विधानसभा से जनसुराज 5 से 7 दाबेदारों के नाम जारी कर, उनकी जनता से रैंकिंग करवाएगा। ऐसे तमाम नामों की पहली सूची इसी वर्ष दिसंबर में जारी होने की संभावना है।

## शेख हसीना को बहुत जल्द नया ठिकाना तलाशना होगा?

**नई दिल्ली**। बांग्लादेश में भारी हिंसा और तख्तापलट के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपना वतन छोड़ना पड़ा था। हसीना इस वक्त भारत की शरण में हैं। लेकिन उन्हे बहुत जल्द नया ठिकाना ढूंढना होगा। वजह ये है कि बांग्लादेश लगातार हसीना को वापस भेजने की मांग कर रहा है। हालांकि अधिकृत तौर पर ऐसी कोई मांग भारत सरकार के सामने नहीं आई है। दरअसल, यूएई के नेता शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अपने देश में विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के मामले में दोषी ठहराए गए 57 बांग्लादेशी नागरिकों को माफ कर दिया है। इन सबको जेल की सजा हुई थी। अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने यह निर्णय पिछले सप्ताह बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद लिया है।

## राहुल महिला पहलवान विनेश से मिले राजनीति अखाड़े में उतरने की चर्चाएं शुरु

**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया से मुलाकात की, जिसके बाद अटकलों का बाजार गरम हो गया है चर्चाएं शुरु हो गई है कि विनेश फोगाट राजनीति अखाड़े में उतर सकती हैं। विनेश फोगाट आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकती हैं। राहुल गांधी और विनेश फोगाट ने हरियाणा की राजनीतिक स्थिति और आगामी चुनावों को लेकर बातचीत की। कांग्रेस विनेश की लोकप्रियता को भुनाने का प्रयास कर रही है, खासकर हरियाणा के जाट बहुल इलाकों में, जहां उनकी एक अलग पहचान है। पूरी दुनिया में इस समय महिला पहलवान



विनेश फोगाट की चर्चा है। पेरिस ओलंपिक में अपनी वेट कैटेगरी से मात्र 100 ग्राम ज्यादा वजन से वह डिसक्वालीफाई करार दे दी गई थीं। अब खबर आ रही है कि पेरिस से निराश होकर लौटी दिग्गज पहलवान के हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। हालांकि, विनेश किस पार्टी में शामिल होंगी, इसकी पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।

# भाजपा की मेगा सदस्यता अभियान की शुरुआत
# 60 दिन में 1 करोड़ सदस्य बनाने का है लक्ष्य
## टारगेट पूरा किया तो 105 करोड़ रुपए तक जुटाएगी पार्टी



**पटना, एजेंसी।** भाजपा ने देश भर में मेगा सदस्यता अभियान की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री मोदी ने बीजेपी का पहला सदस्य बनकर सदस्यता अभियान की शुरुआत की है। बिहार में बीजेपी ने 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मात्र 2 महीने में 1 करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बीजेपी लगातार बैठक कर रही है। कार्यकर्ताओं को टारगेट पूरी करने की रणनीति बता रही है। कोई सदस्य बनना चाहता है तो उसे सदस्य बनने के लिए 5 रुपए की राशि देनी होगी। साथ ही कम से कम 100 रुपए का डोनेशन देना होगा। ऐसे में अगर बिहार में बीजेपी एक करोड़ सदस्य बनने का टारगेट पूरा करती है तो पार्टी 105 करोड़ रुपए सदस्यता शुल्क के रूप में जुटाएगी। भाजपा का सदस्य बनने के लिए कम से कम 100 रुपए का डोनेशन देना अनिवार्य है। बिना डोनेशन दिए कोई भी सदस्य नहीं बन सकता है। बीजेपी ने सदस्य बनने के लिए कम से कम 100 रुपए और अधिक से अधिक 1 लाख तक की राशि डोनेशन के रूप में तय किया है।

### 5 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों में चलाया जाएगा अभियान

बीजेपी ने रणनीति के तहत 5 सितंबर को बिहार के सभी 38 जिला मुख्यालयों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सभी जिला मुख्यालय में होने वाले सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी सांसद मंत्री और विधायकों को दी गई है। सभी विधायक अपने-अपने जिले में रहकर सदस्यता अभियान चलाएंगे। लोगों को हर घर तक बीजेपी से जोड़ने के लिए जायेंगे।

### 11 से 17 सितंबर तक पदयात्रा कर चलाएंगे अभियान

बीजेपी अपने मेगा सदस्यता अभियान को लेकर 11 से 17 सितंबर तक पदयात्रा करेगी। इस पदयात्रा में बिहार के सभी केंद्रीय मंत्री, बिहार सरकार के मंत्री राज्यसभा सांसद, लोकसभा सांसद, विधायक, विधान पार्षद, संगठन के तमाम लोगों को एक साथ अपने-अपने क्षेत्र में पदयात्रा कर हर गांव तक जाने और लोगों को बीजेपी से जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

### बूथ स्तर पर बनी है सदस्यता अभियान सेंटर

बीजेपी ने अपने एक करोड़ के सदस्यों को लक्ष्य पूरा करने के लिए बूथ स्तर पर सेंटर बनाया है। जो लोग चुनाव के दौरान जहां मतदान करने जाते हैं वहीं सदस्यता अभियान का केंद्र खोला गया है ताकि लोग वहां आसानी से पहुंचकर बीजेपी के सदस्य बने। बूथ स्तर पर लोगो को जुटाने के लिए बीजेपी के कार्यकर्ता हर घर तक दस्तक देंगे और उन्हें बीजेपी से जोड़ेंगे।है बूथ पर 200 लोगो को बीजेपी का सदस्य बनाने का कही है जिसके लिए सभी संगठन के कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई है।लोगो को सदस्य बनाने के लिए बीजेपी के सभी मोर्चा को प्रमुख भूमिका तय की गई है।

### पन्ना प्रमुख की होगी अहम भूमिका

बीजेपी के 1 करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पन्ना प्रमुख को प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है। पन्ना प्रमुख हर मतदाता तक पहुंचकर उन्हें घर से निकालकर सदस्यता अभियान के केंद्र तक जाएगी। पन्ना प्रमुख के पास चूंकि सभी गांव के एक-एक घर के सभी मतदाताओं को सूची होती है, इसलिए पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी सबसे अहम हो गई है।

### क्या होता है पन्ना प्रमुख

पन्ना प्रमुख बीजेपी की सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण सांगठनिक पद है। पन्ना प्रमुख मतदाता सूची के एक पेज का मुखिया होता है। पन्ना का मतलब एक पेज से है। हर क्षेत्र के वोटर लिस्ट के एक पेज के लिए एक मुखिया बनाया जाता है।

एक पेज पर सामान्य रूप से 30 मतदाताओं के नाम होते हैं। एक पन्ना के अंदर में 30 लोगों के नाम होते है। सभी मतदाताओं से संपर्क करने की जिम्मेदारी पन्ना प्रमुख के पास होता है। उनके पास सभी लोगों के नाम, उनका मोबाइल नंबर और परिवार की पूरी डिटेलिंग होती है । चुनाव के समय यह पन्ना प्रमुख फोन के जरिए मतदाताओं से संपर्क करते हैं। उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित करते है।

### मोदी के पीएम बनने के बाद कब कितने बने सदस्य

प्रधानमंत्री मोदी के पीएम बनने के बाद बीजेपी ने सदस्यता अभियान को लेकर बड़ी मुहिम की शुरुआत की थी। दुनिया का सबसे बड़ा दल बनने का दावा भी किया। इसके लिए 2014 में बीजेपी ने बिहार में सदस्यता अभियान की शुरुआत की थी। इसमें 68.86 लाख लोगों को सदस्य बनाया गया था। वहीं, 2019 में 35 लाख सदस्य बनाए गए थे। इस बार 2024 में बीजेपी ने 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

### बीजेपी के सदस्य बनने का क्या है तरीका

बीजेपी का सदस्य बनने के लिए अभियान के लिंक पर जाना होगा। नमो ऐप के माध्यम से भी सदस्यता ले सकते हैं। लोगों को खुद की तस्वीर के साथ ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर के ओटीपी से लॉगिन करना होगा। इसमें आपको अपना डेजिग्नेशन भी बताना पड़ेगा। इसके साथ ही अपने सोशल साइट का लिंक भी अपलोड करना पड़ेगा। इसके बाद डोनेशन के साथ सदस्यता ले सकते हैं।

### 2 सितंबर से बिहार में शुरू हुआ सदस्यता अभियान

बीजेपी की सदस्यता अभियान की शुरुआत सोमवार से बीजेपी कार्यालय में अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने किया।प्रदेश अध्यक्ष के अलावा संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री मंगल पांडेय सहित कई नेता मौजूद रहे।प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि बीजेपी के सदस्य घर–घर जाकर दस्तक देंगे।हर गांव और कस्बे तक इस अभियान को ले जाएंगे।महामंत्री भिखु भाई दलसनिया ने कहा कि देश में 1500 राजनीतिक दल हैं।बीजेपी हर 6 साल पर नए सदस्य बनाती है।

### पहले चरण में बड़े नेता और गणमान्य लेंगे सदस्यता

पहले चरण में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सहित बीजेपी के कई मंत्रियों ने सदस्यता ग्रहण की।इसके साथ ही पद्मश्री डॉ. शांति राय, पद्मश्री डीआर सहजानंद, पद्मश्री श्याम शर्मा, पद्मश्री भागीरथी देवी ने भी बीजेपी की सदस्यता ली। पटना की मेयर सीता साहू सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।

## संक्षिप्त समाचार

### एडवेंचर कैंप में भाग लेंगे राहुल और काजल कुमारी

**दरभंगा, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के पोंग डेम में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनीयरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स, वाटर स्पोर्ट्स सेंटर के तत्वावधान में 13 से 22 सितंबर तक आयोजित दस दिवसीय आवासीय साहसिक शिविर (एडवेंचर कैंप) में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के दो एनएसएस स्वयंसेवक राहुल कुमार व काजल कुमारी भाग लेंगे। ये दोनों जीएमआरडी कॉलेज के छात्र- छात्रा हैं। विवि के एनएसएस समन्वयक डॉ. आरएन चौरसिया ने बताया कि दोनों स्वयंसेवक एडवेंचर कैंप में लनामिवि का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन दोनों प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के पटना स्थित क्षेत्रीय निदेशालय के माध्यम से किया गया है। इस एडवेंचर कैंप में बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 10 एनएसएस स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं भाग लेंगो। डॉ. चौरसिया ने बताया कि दोनों स्वयंसेवक अपने संस्थान से सत्यापित एनएसएस वोलेंटियरशिप सर्टिफिकेट, इंडेमनिटी बॉन्ड तथा रिकॉग्नाइज्ड मेडिकल ऑफिसर से सत्यापित मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट की मूल कॉपी लेकर एडवेंचर कैंप में जाएंगे। इस टीम के दलनायक के रूप में रोहतास महिला कॉलेज, सासाराम के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कुमार गौरव मिश्रा होंगे। विवि के एनएसएस स्वयंसेवकों का एडवेंचर कैंप के लिए चयन होने पर विवि एवं कॉलेजों की एनएसएस इकाईयों में खुशी का माहौल है।

### सूबेदार स्व.राम छबिला सिंह की 25वीं पुण्य तिथि पर प्रवेश द्वार का हुआ शिलान्यास

**छपरा, एजेंसी।** 6 मांझी के चंदउपुर में मंगलवार को सूबेदार स्व. राम छबिला सिंह की पुण्य तिथि पर प्रवेश द्वार का शिलान्यास करते परिजन दाउदपुर(मांझी)। मांझी प्रखंड के चंदउपुर गांव में मंगलवार को सेना में सूबेदार पद से सेवानिवृत्त स्व.राम छबिला सिंह की 25 वीं पुण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने स्व.सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। उनके पुत्र एयरफोर्स के जवान रिंकू कुमार सिंह एवं अशोक सिंह ने बताया कि मेरे पिता स्व.राम छबिला सिंह ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सेना की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रजौरी सेक्टर में तत्कालीन ब्रिगेडियर द्वार स्वर्गीय राम छबिला सिंह के नाम पर एक सेक्टर बनाया गया। समारोह के आरंभ में आचार्य राजू पंडित द्वारा पूरे विधिवत पूजा-आर्चना करायी गई। वहीं स्व.सिंह की पत्नी के द्वारा उनके नाम पर एक द्वार का शिलान्यास किया गया। सूबेदार स्व.सिंह के छह पुत्र व चार पोता आज भी सेना में हैं। ग्रामीणों की मानें तो चंदउपुर गांव के करीब डेढ़ सौ लोग सेना में अभी कार्यरत हैं। लगभग ढाई सौ की संख्या में सेवानिवृत्त हो चुके है। अंत में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक अजीत हलचल व सनी सिंह ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कैप्टन अतुल कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, अनिश कुमार, राहुल कुमार, अंकित कुमार, आदित्य कुमार, अक्षय कुमार, सत्यम कुमार, शिवम कुमार, संदीप कुमार सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा का सदस्यता अभियान का शुरू

**पूर्णिया, एजेंसी।** जलालगढ़ भाजपा मंडल में सदस्यता अभियान की शुरुआत मंगलवार से की गई। घर-घर जाकर लोगों को भाजपा से जोड़ा जा रहा है। भाजपा अररिया जिला प्रभारी विधि प्रकोष्ठ कुंदन कुणाल के नेतृत्व में यह कार्य किया जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की लोककल्याणकारी योजना, जन धन, उजवला योजना, प्रधानमंत्री आवास से लोग उत्साहित हैं। लोग आगे बढ़कर भाजपा के सदस्यता अभियान से जुड़ रहे हैं। भाजपा के सदस्यता अभियान में दीपक कुमार, चौहान, शंकर यादव, कांति कुमार, अशोक रजक, सुमन कुमार, सोनू कुमार, राहुल यादव, मुकेश झा, दीपक कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

### पर्यावरण हमारे जीवन का आधार

**पूर्णिया, एजेंसी।** उच्च मुख्यालय के निर्देशानुसार क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल पूर्णिया के द्वारा मिलिया कान्वेन्ट इंग्लिश स्कूल कसबा में वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रक मुख्यालय, पूर्णिया के सहायक कमांडेंट संभू नाथ बर्मन के नेतृत्व में अधीनस्थ अधिकारीगण,कार्मिकों, अध्यापकों, छात्र- छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। सहायक कमांडेंट ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है।

# पहली बार एक्सप्रेसवे से जुड़ेंगे बिहार के 8 जिले, औरंगाबाद से दरभंगा सीधे सफर



**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस-वे पटना जिले के धनरुआ और फतुहा से गुजरेगा। जिला प्रशासन ने इन दोनों अंचलों में जमीन अधिग्रहण का काम लगभग पूरा कर लिया है। इस परियोजन के लिए पटना जिले में 12 मौजे में 205.25 एकड़ भूमि अर्जित की गई है। भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा भुगतान के लिए 123.24 करोड़ रुपये आवंटन है। अब तक भू-धारियों के बीच 66 करोड़ 56 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इस परियोजना के पूरा होने से उत्तर और दक्षिणी बिहार के बीच आवाजाही में आसानी होगी। दूरी करीब 4 घंटे तक कम हो जाएगी।

### बिहार के आठ जिले को जोड़ेगा

अभी बिहार में जितने भी एक्सप्रेस-वे के निर्माण को मंजूरी मिली वो सभी दूसरे राज्यों से होकर गुजरते हैं। ये पहली परियोजन है जो बिहार के 8 जिलों को जोड़ेगा। औरंगाबाद के आमस से शुरू होकर यह एक्सप्रेस-वे पटना, नालंदा, अरवल, जहानाबाद, वैशाली और समस्तीपुर होते हुए दरभंगा तक जाएगा। इस एक्सप्रेस-वे की लंबाई 189 किमी है। औरंगाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से किया जाना है।

### रैयतों से राजस्व साक्ष्य की मांग फिर से की गई

इस परियोजना के लिए धनरुआ अंचल में 8 मौजा और फतुहा में 4 मौजा में भू-अर्जन की कार्रवाई की गई है। धनरुआ अंचल में 65 फीसदी मुआवजा का भुगतान किया गया है। मुआवजा भुगतान के लिए 140 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें राजस्व कागजात की कमी है। जिसके कारण मुआवजा भुगतान लंबित है। सभी रैयतों को जमीन से जुड़े दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में रैयतों से जमीन के कागजात की मांग की गई है। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने धनरुआ के अंचल अधिकारी को निर्देश दिया है कि एक बार फिर से रैयतों से राजस्व साक्ष्य की मांग की जाए ताकि लंबित मामले का निपटारा जल्द से जल्द किया जा सके। बता दें कि आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है।

# वायरल बुखार बच्चों और बुजुर्गों को कर रहा बीमार, रोज मिल रहे 50 मरीज



**पटना, एजेंसी।** मौसम में परिवर्तन होने की वजह से वायरल बुखार से ग्रसित रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ हुआ हैं। स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में मंगलवार को करीब तीन सौ रोगियों का रजिस्ट्रेशन हुआ। जिसमें 45 से 50 रोगी वायरल बुखार से पीड़ित थे। मौसम में परिवर्तन और तापमान में उतार-चढ़ाव से दिन में तेज धूप व उमस के कारण सर्दी, झुकाम, खांसी, बुखार ने लोगों में स्वास्थ्य की परेशानी बढ़ा दी हैं। ऐसे में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक वायरल बुखार के लक्षण मिल रहे हैं। मंगलवार को बक्सर के डुमरांव अनुमंडल अस्पताल में ऐसे कई पीड़ित चिकित्सक को दिखाने के लिए पहुंचे थे। इस संदर्भ में डॉक्टर शिवकुमार चौधरी ने बताया कि दिन में तेज धूप और गर्मी उत्पन्न हो जाती हैं। तो रात्रि पहर तापमान में गिरावट हो जाती हैं। सर्द और गर्म मौसम का प्रभाव लोगों को पड़ रहा है।

### डॉक्टरों ने दी यह सलाह

ऐसी स्थिति में वायरल बुखार से पीड़ित लोगों को सावधानी पूरी तरह से जरूरी हैं। उन्होंने ऐसे रोगियों को सलाह देते हुए बताया कि दिन में तीन बार गुनगुने पानी में हल्का नमक डालकर गलाला करना चाहिए। साथ ही मसालेदार खानपान से परहेज करें। धूप में निकलते वक्त गमछे व छाता का प्रयोग करें। अस्पताल प्रबंधक देवेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि वायरल बुखार के रोगियों की इलाज के लिए सभी व्यवस्था अस्पताल में उपलब्ध हैं। सभी तरह की जांच की भी सुविधा के साथ पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध हैं। ऐसे में बच्चे, बड़े व बुजुर्गों को सावधानी बरतनी चाहिए। ताकि वायरल बुखार की चपेट में नहीं आना पड़े।

# मंगल पाठ में शामिल हुई 400 से अधिक महिलाएं

**दरभंगा, एजेंसी।** श्री राणी शक्ति सेवा समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय भादी महोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। गांधी चौक स्थित दादी जी के मंदिर पर प्रातः सात बजे से ही दादी जी की विशेष पूजा दादी भक्तों ने की। पूजा राजेश तुल्सयान की देखरेख में करायी गयी। दोपहर 02:30 बजे से मंगल पाठ शुरू हुआ। इसमें 400 से भी अधिक महिलाएं शामिल हुई। संस्था ने सूरत की प्रसिद्ध मंगल पाठ वाचक सोनी पूर्वे को बुलाया था। उनका साथ देने कोलकाता से सौरभ शर्मा को भी बुलाया गया था। मंच संचालन मुकेश खेतान ने किया। इस कार्यक्रम के बाद महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष संजय कंदोई एवं सचिव संजीव मित्तल के नेतृत्व में काशी खेड़िया, संगीत जाजोदिया, अनिल गोयंका, सुबोध लाडिया, अनिल खेतान, रंजन तुल्सयान, कमल धानुका, संदीप कंदोई, सत्यनारायण भरतिया, शम्भू डोकानिया, विजय अग्रवाल, संगीता मित्तल, नीतू खेड़िया, रश्मि तुल्सयान, चीनू तुल्सयान, सोनी लाडिया, सुमन खेतान आदि लगे थे।

# गाड़ियों के मुरीद बिहार वाले, लग्जरी वाहनों की बढ़ी डिमांड

**पटना, एजेंसी।** बिहार में वाहनों की बिक्री में तेजी आई है। अगस्त माह में पिछले वर्ष के समान महीने की तुलना में 10 हजार वाहन अधिक बिके हैं। यही नहीं बिक्री की गति बीते साल की अपेक्षा काफी अधिक है। लोगों के बीच चार पहिया के साथ-साथ तिपहिया वाहनों में दिलचस्पी बढ़ी है।

हालांकि बिके वाहनों में बढ़ोतरी के मामले में सर्वाधिक हिस्सेदारी दो पहिया वाहनों की है। उनकी वृद्धि लगभग आठ हजार की है। केन्द्र सरकार की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार के लोगों ने इस साल खूब वाहन खरीदे हैं। इसमें लग्जरी वाहन के प्रति आकर्षण अधिक बढ़ा है। बिहार के लोग लग्जरी वाहनों के मुरीद हो रहे हैं। यही नहीं पैसेंसर वाहनों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ी है। टेम्पो की तुलना में ई-रिक्शा के खरीदार बढ़े हैं। सबसे रोचक बात तो यह है कि इन दोनों की बिक्री का अंतर दो गुना से अधिक है। बीते साल अंतर



लगभग लगभग 100 फीसदी था, इस साल 104 फीसदी। रिपोर्ट बताती है कि पिछले अगस्त में 88192 वाहन बिके हैं, जबकि पिछले साल इसी महीने में महज 78466 वाहन ही बिके थे। इन वाहनों में भी कार और मोटरसाइकिल-स्कूटर के अलावा ट्रैक्टर, मोपेड, टेम्पो, ई-रिक्शा की बिक्री भी बढ़ी है। सबसे अहम तो यह है कि कृषि उपकरणों वाले वाहनों की खरीद के प्रति भी लोगों का रुझान बढ़ा है। पिछले साल केवल दो हार्वेस्टर बिका था जबकि इस साल अगस्त में सात बिके हैं।

### बीते आठ माह का लेखा-जोखा

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार बिहार में स्थिति पहले से बेहतर हुई है। सड़कें अच्छी हुई हैं। टैक्स को व्यावहारिक बनाया गया है। लगन में पड़ोसी राज्यों से वाहन खरीद में कमी आई है। लोगों की आर्थिक स्थिति भी लगातार बेहतर हो रही है। इस साल आठ माह में सात माह ऐसे हैं जब वाहनों की बिक्री बीते सात से अधिक हुई है। केवल मई माह में ही वाहनों की बिक्री 2023 में अधिक हुई थी। शेष सात माह माह में इस साल काफी अधिक वाहन बिके हैं। यह वृद्धि वाहनों के हर सेगमेंट में देखने को मिला है।

# चुनावी प्रीलिम्स देंगे प्रशांत किशोर, जन सुराज लड़ेगी 4 विधानसभा सीटों का उपचुनाव



**पटना, एजेंसी।**कुछ वक्त पहले तक चुनावी रणनीतिकार की भूमिका में रहे प्रशांत किशोर की राजनीति में एंट्री ने बिहार में हलचल पैदा कर दी है। ऐसी उम्मीद है कि राज्य की चार विधानसभा सीटों पर जल्द ही उपचुनाव हो सकते हैं। हालांकि, अभी चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है लेकिन सभी राजनीतिक दल इन सीटों पर चुनाव को लेकर अपनी-अपनी तैयारियों में जुटे हैं।

इस बीच अब जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भी इन चारों सीटों के लिए अपने प्रत्याशी उतारने का फैसला कर लिया है। पीके के नाम से मशहूर प्रशांत किशोर पिछले दो सालों से पदयात्रा पर है। 2 अक्टूबर को प्रशांत किशोर आधिकारिक रूप से अपनी पार्टी का ऐलान कर सकते हैं। सोमवार को आरा में पीके ने कहा, अगर हम सभी चार सीटें जीतते हैं तो 2025 में आने वाले चुनाव परिणाम साल 2024 में खुद-ब-खुद तय हो जाएंगे। इसकी के साथ प्रशांत किशोर ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और जेजीयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार की आलोचना भी की। पीके ने कहा कि लालू के शासन काल में संगठित अपराध का जंगल राज था और नीतीश के शासन में ब्यूरोक्रेट्स का जंगल राज है। बता दें कि राजद प्रशांत किशोर को बीजेपी की बी टीम कहती आई है। राजद नेता 10 सितंबर से बिहार में आभार यात्रा की शुरुआत करने वाले हैं।

राजद की तरफ से सवाल उठाते हुए कहा गया कि आखिर लोग पीके पर भरोसा क्यों करेंगे? उन्होंने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। हाल ही में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने पार्टी नेता तेजस्वी यादव को लेकर दिए गए बयान के लिए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर पर निशाना साधा था और मॉब लिंचिंग तथा बुलडोजर जैसे मुद्दों को लेकर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया था। दरअसल प्रशांत किशोर ने भोजपुर में कहा था, एक नौवीं फेल बिहार का विकास कर रहा है। इसपर राजद नेता ने कहा, प्रशांत किशोर कहते हैं कि तेजस्वी जी का कोई महत्व नहीं है, लेकिन जब वह दो घंटे तक बोलते हैं तो उसमें से एक घंटा 54 मिनट तेजस्वी जी के बारे में बोलते हैं। इधर बीजेपी ने सदस्यता अभियान चला रखी है। जेडीयू के नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि पीके के लिए एक बड़ी चुनौती यह है कि वो बिहार में खुद को एक राजनीतिक चेहरा साबित करें। प्रशांत किशोर ने हाल ही में 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मुसलमानों को टिकट दिए जाने को लेकर कहा था कि वो 243 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में कम से कम मुस्लिम समुदाय के 40 लोगों को टिकट देंगे और इस समुदाय को संगठन में भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

# रूपा शर्मा को मिली अग्रिम जमानत, निचली अदालत में करेंगी सरेंडर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बेला औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर संस्कृति वर्मा को सुपारी शूटर से गोली मरवाने की मुख्य साजिशकर्ता पूर्व मंत्री की बहू रूपा शर्मा को मंगलवार को अग्रिम जमानत मिल गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में उसकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली गई है। घटना के बाद से रूपा शर्मा अंडरग्राउंड चल रही थी। हालांकि, उसकी अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान गिरफ्तारी पर रोक लगा दी गई थी। रूपा शर्मा की अग्रिम जमानत अर्जी पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नवल किशोर प्रसाद सिन्हा, रामकृष्ण ठाकुर और पूर्व महासचिव प्रवीण कुमार ने न्यायालय में पक्ष रखा। इसके बाद जिला जज ने अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए 10 हजार के दो जमानतदार के साथ निचली जमानत में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। इसके आधार पर निचली अदालत से स्थाई जमानत दी जाएगी। काजी मोहम्मदपुर थाना के कलमबाग चौक रिफ्यूजी कॉलोली निवासी रूपा शर्मा के वकील हिमांशु कुमार पांडेय ने बीते 28 जुलाई को कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी। महिला कंप्यूटर ऑपरेटर संस्कृति वर्मा को बीते 25 जून को बेला फेज वन इलाके में स्थित फैक्ट्री में ड्यूटी पर जाने दौरान फायरिंग की गई थी। संस्कृति को तीन गोलियां लगी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना का सच, 1.5% लोगों को मिला लाभ

**पटना।** बिहार में पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना की रफ्तार बेहद धीमी है। योजना के तहत 50,246 लोगों ने आवेदन दिया। इनमें मात्र 1.5% लोगों के यहां रूफटॉप सोलर पैनल लगा। मंगलवार को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से योजना की समीक्षा की तो यह सच सामने आया। ऊर्जा विभाग के सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में 49,341 तकनीकी जांच सही पाए गए। कार्य में तेजी के लिए वेंडरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। सब्सीडी पेमेंट प्रक्रिया में भी तेजी का निर्देश दिया गया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव ने योजना के प्रचार और सोलर पैनल लगाने में तेजी का निर्देश दिया है। मौके पर एसबीपीडीसीएल के एमडी महेंद्र कुमार और एबीसीटीसीएल के एमडी निलेश रामचंद्र देवरे उपस्थित थे।

### राजधानी के लोगों को अभी और सताएगी गर्मी, पटना का तापमान 36 डिग्री तक पहुंचा

**पटना।** राजधानी के लोगों को गर्मी अभी और सताएगी। राज्य के उत्तर-पश्चिमी इलाकों में एक या दो स्थानों पर बूंदाबांदी के आसार है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि अब मानसून लौटने लगा है। पिछले दो-तीन सालों से बिहार में कम बारिश हो रही है। अब तक बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र नहीं बन पाया है। इसके कारण बिहार में कहीं भी भारी बारिश नहीं हो पा रही है। राज्य में 25 प्रतिशत कम बारिश रिकार्ड की गई है। वैशाली में 51 प्रतिशत, मधुबनी में 52 प्रतिशत, सारण में 52 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मंगलवार को राजधानी में भीषण गर्मी के साथ उमस ने लोग परेशान रहे। दोपहर में जेठ जैसी गर्मी शरीर को जला रही थी। मंगलवार को पटना का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि सबसे अधिक तापमान सीतामढ़ी के पुपरी में तापमान 40.2डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राज्य के कई इलाकों में जहां गहरा बोरिंग नहीं है। वहां सिंचाई ही नहीं पीने के पानी की समस्या आ गई है। बिहटा के कंचनपुर, बिशनपुरा में पीने के पानी के लिए लोग जद्दोजहद कर रहे हैं। इसके अलावे बख्तियारपुर, सम्पतचक, सीतमाढ़ी, रोहतास में जलस्तर घटने से पानी लेने के लिए लोग लंबी लाइन लगा रहे हैं।

### भाजपा का सदस्य बनना राजनीतिक दल से जुड़ना नहीं, बल्कि राष्ट्र की दिशा तय करने वाला सिपाही बनना है

**पटना।** बिहार में मंगलवार को भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हुआ। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा सदस्य बने। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का सदस्य बनना सिर्फ एक राजनीतिक दल से जुड़ना नहीं बल्कि राष्ट्र की दिशा और दशा तय करने वाला सिपाही बनना है। इस अभियान के तहत 1.50 करोड़ सदस्य बनाना है। है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में एक पार्टी का नेतृत्व कभी नहीं बदला। आप विधायक और मंत्री बन सकते हैं, लेकिन पार्टी का नेतृत्वकर्ता नहीं बन सकते। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सदस्यता अभियान सही अर्थों में पार्टी निर्माण और परिवार कल्याण के लिए नहीं बल्कि समाज निर्माण के लिए है। अभियान के दौरान पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, विमल जैन, डॉ. शांति राय, सीता साहू, वैष्णवी, श्याम जी शर्मा, श्रेयसी सिंह, भागीरथी देवी, रतन कुमार सिंह, डॉ. सीपी ठाकुर, दशरथ राम, दीप श्रेष्ठ और मनोज कुमार दास व अन्य रहे।

### मुख्य सचिव का निर्देश, रिक्त पद 3 माह में भरें विकास कार्य डीएम की रैंकिंग का पैमाना बनेगा

**पटना।** राज्य के डीएम की रैंकिंग होगी। विकास कार्यों के अनुपालन के हिसाब से रैंक तय होंगे। मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने मंगलवार को सभी विभागों के प्रधानों के साथ बैठक की। राज्य सरकार की विकास योजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य सचिव ने सभी विभागों से रिक्त पदों की पहचान करने का निर्देश दिया। अधिकारियों से कहा कि पहले से जो रिक्त पद हैं और जिनको लेकर नियुक्त की जानी है, उन सबपर तत्काल नियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ाएं। तीन माह में प्रक्रिया पूरी करें। बैठक के बाद मुख्य सचिव ने बताया कि जिलाधिकारियों की रैंकिंग में तमाम पहलुओं को ध्यान में रखा जाएगा। उनके प्रदर्शन के ऑब्जेक्टिब को आधार बनाया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इससे विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के राजस्व संग्रह में 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पर इसे और बढ़ाने की जरूरत है। अधिकारियों को राजस्व संग्रह और तेज करने को कहा गया है। उनसे कहा गया कि बजट का अधिकतम उपयोग करें। योजना खर्च को बढ़ाएं। समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य पूरे कराएं।

### बंटी-बबली गिरफ्तार, हर महीने करते थे 30 लाख की ठगी, पुलिस जांच में जुटी

**पटना।** साइबर ठगी गिरोह के बंटी-बबली को साइबर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में नालंदा के अस्थावां के गौरव पटेल और गाजियाबाद के प्रेरणा को चित्रगुप्त नगर के बैंक मेंस कालोनी स्थित किराए के फ्लैट से गिरफ्तार किया। दोनों के पास से पुलिस चार फोन, आठ एटीएम कार्ड, दो चेकबुक, एक दर्जन से अधिक सिम कार्ड, दो डायरी सहित अन्य सामान बरामद किया है। बरामद डायरी में मोबाइल नंबर और लेनदेन का हिसाब लिखा हुआ है। दोनों ने सोशल मीडिया पर वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन निकाला। साथ ही कई शहरों में पोस्ट भी चिपकाए। इससे बेरोजगार युवक झांसे में आने लगे। दोनों एक साल से पटना में रहकर ठगी कर रहे हैं। हर महीने 25 से 30 लाख की ठगी दोनों कर रहे थे। दोनों के पांच से अधिक बैंक खातों की जानकारी पुलिस को मिली है। खाता में 30 लाख से अधिक रुपए हैं जिसकी जांच की जा रही है। साइबर प्रभारी डीएसपी राघवेंद्र मणि ने दोनों के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। गौरव और प्रेरणा गाजियाबाद से डिप्लोमा किया है। दोनों अच्छे दोस्त हैं। गौरव नालंदा के साइबर शातिरों के संपर्क में आ गया और ठगी करने लगा। एक साल पहले उसने प्रेरणा को पटना बुला लिया और दोनों ठगी करने लगे। काम के लिए जो फोन आता उससे प्रेरणा ही बात करती थी। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के नाम पर प्रेरणा लोगों से सारे कागजात ले लेती थी। इसके बाद नौकरी देने के नाम पर युवक से एक लाख वसूलती थी।

### लोक शिकायत निवारण कार्यालय बगहा में परिवादों तथा परिवादियों की सुनवाई

**चाणक्य भूमि बगहा।** लोक शिकायत निवारण कार्यालय बगहा में परिवादों की सुनवाई तथा परिवादियों द्वारा लगाये गये आरोपों और साक्ष्यों से यह स्पष्ट हुआ कि तत्कालिक अंचल अधिकारी, बगहा-1 श्री अभिषेक आनन्द ने गैरमजरूआ मालिक जमीन मौजा-मंझरिया खाता न0-10 का खाता संख्या बदलकर उसका नामांतरण कई लोगों पर कर दिया गया। इसके लिए श्री आनन्द ने पहले खाली पड़े जमाबंदियों में फर्जी तरीके से उसका आनन-फानन में गैरमजरूआ जमीन संबंधित खेसरा नम्बर दर्ज कराया गया तथा फर्जी रसीद संख्या का जिक्र किया और उसके आधार पर उक्त सरकारी जमीन का नामांतरण कर सरकारी सम्पति का नुकसान पहुँचाया गया। उक्त तथ्य सामने आने के बाद उनके द्वारा यह स्वीकार किया गया की ये नामांतरण गलत हुआ है, लेकिन फिर भी उनके द्वारा न तो उक्त के विरूद्ध विधिवत दाखिल खारिज अपील ही दायर किया गया और न ही उसे सरकारी संरक्षण में लेने का प्रयास ही किया गया। साथ ही उनके द्वारा गैरमजरूआ आम और मालिक जमीनों के अतिक्रमणकारियों से मिलकर उनके विरूद्ध अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई नही की गई, जिससे उनकी संलिप्तता प्रदर्शित होता है। विदित हो कि श्री आनन्द का कार्यकाल पहले भी काफी विवादित रहा है। श्री आनन्द के उक्त गंभीर अनिमियतता के लिए उनके विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु नियमानुसार जिला पदाधिकारी को अनुसंशित तथा अपर उच्च सचिव, भूमि सुधार राजस्व विभाग को सूचित किया गया है।

# 45 हजार वित्त रहित शिक्षकों का जल्द होगा भुगतान

एजेंसी, पटना।



♦ **शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा- सरकार फैसला ले चुकी है, स्कूल अपनी कमियां दूर करे**

वित्त रहित स्कूलों के अनुदान के बकाया पैसे का भुगतान जल्द किया जाएगा। सरकार की तरफ से इस संबंध में निर्णय ले लिया गया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बुधवार को इसकी जानकारी दी कि वित्त रहित स्कूलों के बकाया राशि का जल्द भुगतान किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि नियम के मुताबिक वित्त रहित शिक्षकों को कुछ मूलभूत सुविधाएं देनी होती है, जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। ऐसे स्कूलों का कोर्स सस्पेंड किया गया था। अब एक बार फिर से स्कूलों को कहा गया है कि अपनी सुविधाओं को बेहतर बनाए सरकार अपना काम कर रही है। राज्य के लगभग 45 हजार वित्त रहित शिक्षक प्रदेश के 1450 अनुदानित माध्यमिक, इंटरमीडिएट और डिग्री कॉलेजों में कार्यरत हैं। कई कॉलेजों को 6 से 9 साल से अनुदान की राशि नहीं मिली है। इसके लिए वो पिछले कई वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। दो दिन पहले विधान परिषद में शिक्षक कोटे से जीत कर आए सभी MLC ने भी इसकी मांग की थी, तब शिक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया था कि इसका समाधान जल्द निकाल लिया जाएगा।

**डोमिसाइल नीति में कोई बदलाव नहीं:** वहीं लागातार डोमिसाइल नीति में हो रहे बदलाव की मांग पर शिक्षा मंत्री ने कहा है कि फिलहाल राज्य की अपनी डोमिसाइल नीति है। इसी के आधार पर नियुक्ति की जा रही है। फिलहाल इसमें संशोधन की कोई तैयारी नहीं है। इसमें किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया गया है। झारखंड सरकार की तरफ से केवल वहां के लोगों को नौकरी देने की बात पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि हर राज्य का अपना अधिकार है। वहां की जो परिस्थितियां, संसाधन हैं उसे देखते हुए कार्रवाई की जाती है। सुनील कुमार ने कहा कि बिहार के लिए सबसे जरूरी था शिक्षकों की कमी को दूर करना। हमने बीपीएससी की मदद से इसे कराया। अब शिक्षकों की कमियों को दूर कर दिया गया है। कला और आर्ट्स की शिक्षकों की नियुक्ति के सवाल पर उन्होंने कहा है कि आर्ट्स, कल्चर, ड्राइंग और अन्य कलाओं को विकसित करने की व्यवस्था किलकारी में की गई है। पहले बेसिक सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। इसके आगे के काम किए जा रहे हैं।

## पहले प्रिंस ने पुलिसकर्मियों के साथ की शराब-चिकेन पार्टी, फिर भागा

एजेंसी, पटना।



**घूमने के लिए मंगवाया पर्सनल गाड़ी, DSP बोले- पुलिस की मिलीभगत की जानकारी है**

बेउर जेल में बंद कुख्यात प्रिंस कुमार उर्फ अभिजीत हथकड़ी के साथ फरार हो गया। प्रिंस वैशाली जिले के गरौल थाना के हुसैना गांव का रहने वाला है। वह कुख्यात सोना लुटेरा सुबोध सिंह का शार्प शूटर है। पिछले तीन साल से वह बेउर जेल में बंद था। फरार अपराधी प्रिंस कुमार उर्फ अभिजीत कुमार मामले में जानकारी यह मिली कि बेउर जेल से PMCH इलाज के लिए 6 कैदियों को लाया गया था। इलाज के बाद 4 कैदियों को पुलिस बेउर ले गई, लेकिन दो कैदी (प्रिंस और ओंकार) को PMCH में रहने दिया। सुत्रों की माने तो PMCH से बेउर जाने से पहले प्रिंस ने पटना में घूमने के लिए पर्सनल गाड़ी मंगवाया और दो सिपाहियों के साथ नया टोला इलाके के एक मकान में शराब पी और चिकेन-मटन खाया। इस दौरान प्रिंस बाहर से दरवाजा बंदकर फरार हो गया। वहीं इस मामले में टाउन DSP अशोक कुमार ने भी कहा है कि पुलिसकर्मियों की लापरवाही से प्रिंस फरार हो गया है। फरार अपराधी के खिलाफ पीरबहोर थाने में 262, 264, 61 bna धारा में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**दो हवालदार गिरफ्तार, 6 निलंबितः** प्रिंस को बेउर जेल ने उसे रूटीन चेकअप के लिए सोमवार को दिन के करीब 2 बजे PMCH के हथुआ वार्ड में एडमिट कराया गया था। अस्पताल में उसके साथ दो सुरक्षाकर्मी सिपाही रंजन पासवान और हवलदार सुबोध पासवान थे। लापरवाही के आरोप में दोनों हवलदार के खिलाफ पीरबहोर थाने में देर रात केस दर्ज किया गया। एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि दो हवलदार को गिरफ्तार किया गया है। इनके अलावा अवर निरीक्षक रामलगन चौधरी, दिलीप कुमार, हवलदार गणेश मलिक, रामराजी कुमार, अविनाश कुमार और नरेश कुमार को भी निलंबित कर दिया गया है।

## फुलवारी शरीफ में पुलिस ने 2 अपराधी को गिरफ्तार किया

**हथियार भी बरामद, हत्या की कर रहे थे प्लानिंग**

एजेंसी, पटना।



पटना के फुलवारी शरीफ में पुलिस ने दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जबकि, मौके से कई अपराधी भागने में सफल रहे हैं। पुलिस को मौके पर से कट्टा और मोबाइल बरामद किया है। जबकि, अन्य अपराधी हथियार और गोली लेकर फरार हो गए। 2022 में कंकड़बाग में अपराधियों ने फौजी हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। फौजी हत्याकांड में अपराधियों के बीच पैसे की लेनदेन को लेकर विवाद शुरू हो गया था। इसके बाद दो गुट में बंट गए थे।एक गुट में अमीन, संथाल, तौसीफ सहित कई अपराधी शामिल थे। वहीं, दूसरे गुट में निशु, केतन, शिवम सहित कई अपराध कर्मी शामिल हो गए।

**हत्या की बना ली थी प्लानिंगः** दोनों गुट एक-दूसरे की हत्या की कोशिश में लगे रहते हैं। मंगलवार की रात तौसीफ अपने गुट संथाल, अमीन के साथ निशु गुट के अपराधियों की हत्या करने की योजना बना रहा था। इसके लिए सभी अपराधी धीरे-धीरे एफसीआई रोड के लालू नगर में इकट्ठा हो रहे थे। प्लानिंग यह थी कि सभी मिलकर दूसरे गुट के निशु, केतन सहित कई अपराधियों की हत्या कर देनी है। पुलिस ने एक टीम बनाकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दो अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में अपराधी मोहम्मद अमीन और संथाल ने पूरे मामले का खुलासा किया है।

## तेजस्वी की आभार यात्रा के पहले RJD की बड़ी बैठक केंद्र और राज्य सरकार को घेरने की बन रही रणनीति

एजेंसी, पटना।



♦ **मंत्री श्रवण कुमार बोले- सदन के लिए इनको फुरस्त नहीं**

राष्ट्रीय जनता दल की ओर से आरजेडी कार्यालय में सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान पार्षदों, जिलाध्यक्षों की आज बैठक हो रही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 10 सितंबर को समस्तीपुर के उजियारपुर से आभार यात्रा पर निकलने वाले हैं। लालू प्रसाद भी अपना चेकअप करवाकर सिंगापुर से पटना लौट चुके हैं। इस दौरान तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध लगातार बढ रहा है। सत्ता में बैठे लोगों को इससे मतलब तक नहीं हैं। वहीं RJD की इस बैठक पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार तंज कसा है। उन्होंने कहा कि जब सदन चलता है तो सदन में जाने के लिए इनको फुरस्त नहीं है। सदन में उठाने के लिए इनके पास कोई योजना नहीं है। सदन में जनता के सवालों को उठा नहीं रहे हैं। बाहर मीडिया में बात करते हैं। जनता जानती है कि इनको सिर्फ कुर्सी चाहिए। ऐसी जानकारी है कि बैठक में तेजस्वी यादव की आभार यात्रा से जुड़ी रणनीति बनाई जी रही है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार को किन-किन मुद्दों पर और किस तरह से घेरना है, इसकी पूरी रूपरेखा भी बन रही है। बता दे कि बिहार में जाति गणना के बाद बढ़ाए गए आरक्षण के 65 फीसदी दायरे को लेकर मामला पटना हाईकोर्ट में फंस गया और कोर्ट ने रोक लगा दी। अब आरजेडी भी इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट चली गई है। इस मुद्दे पर पूरे बिहार में जिला स्तर पर आरजेडी ने एक दिवसीय धरना भी दिया। वहीं राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि यह बैठक पहले से बुलाई गई थी। संगठन की मजबूती के लिए यह बैठक बुलाई गई है।उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव चार जिलों की यात्रा पर निकलने वाले हैं उसके पहले यह बैठक बुलाई है।

**प्रशांत किशोर भी सेंधमारी को तैयारः** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पटना में पार्टी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे थे। यानी कोर्ट से लेकर सड़क पर भी सरकार को घेरने की कोशिश है। लॉ एंड ऑर्डर के सवाल पर भी तेजस्वी, नीतीश सरकार को घेर रहे हैं। बुधवार को भी उन्होंने क्राइम बुलेटिन जारी किया है। सामने विधानसभा का चुनाव है और चार क्षेत्रों में विधानसभा का उपचुनाव भी होना है। आरजेडी किस तरह से एग्रेसिव तरीके से आगे बढ़े इसकी रणनीति बैठक में बन रही है। इस बार के विधानसभा चुनाव की चुनौती बड़ी इसलिए है कि प्रशांत किशोर भी जन सुराज के जरिए मुसलमान वोट बैंक में सेंधमारी को तैयार हैं। पिछली बार के विधानसभा चुनाव में आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी।

**बिहार की जनता अब इनकी नीति को जान गई हैः** लालू यादव की तरफ से बुलाई गई राजद के सांसदों और विधायकों की बैठक पर जदयू के सीनियर लीडर और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि हर पॉलिटिकल पार्टी अपनी बैठक बुलाती है। उन्हें इसका कोई लाभ नहीं होने वाला है। बिहार की जनता अब इनकी नीति को जान गई है। जब सदन चलता है तो सदन में जाने के लिए इनको फुरस्त नहीं है। सदन में उठाने के लिए इनके पास कोई योजना नहीं है। सदन में जनता के सवालों को उठा नहीं रहे हैं। बाहर मीडिया में बात करते हैं। जनता जानती है कि इनको सिर्फ कुर्सी चाहिए। लालू अगर एक्टिव नजर नहीं आएंगे तो अखबार और टेलिविजन में चलेंगे कैसे। इनको कुछ हासिल होने वाला नहीं है। लालू यादव के एक्टिव होने से एनडीए को कोई नुकसान नहीं होने वाला है।

# ऑटो लिफ्टर गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार नकली सोने के दो गुल्ली और ऑटो जब्त

एजेंसी, पटना।



**चाचा-भतीजा मास्टरमाइंड निकला**

पटना में ऑटो लिफ्टर गैंग के सदस्यों को पकड़ने के लिए पटना पुलिस ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में कोतवाली थाने की पुलिस ने मास्टर माइंड चाचा भतीजा समेत पांच अपराधी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सोने की तरह दिखने वाले दो नकली सोना का गुल्ली भी बरामद किया गया है। आरोपी इसके जरिए ठगी करते थे। वहीं पुलिस ने ठगी में इस्तेमाल किए गए ऑटो को भी जब्त किया है।

**ऑटो में एक सीट ही खाली रखते हैंः** गिरफ्तार आरोपी स्टेशन इलाके में चालक बनकर घूमते हैं। इसके साथ अन्य तीन लोग उसी ऑटो में यात्री बनकर पहले से बैठे रहते हैं। ऑटो में एक सीट ही खाली रखते हैं, ताकि खाली सीट पर बैठने वाले यात्री से ठगी कर सके। ऑटो लिफ्टर गैंग के सदस्य ज्यादातर महिलाओं को निशाना बनाते हैं ताकि महिलाओं को आसानी से नकली सोना दिखाकर असली जेवरात और पैसे की ठगी कर सके।

**खुद ही गहने या कैश देती थी महिलाएंः** गिरोह के सदस्य में से एक पैसेंजर को सोने की गुल्ली दिखाता है। वह अस्पताल में भर्ती मरीज के इलाज में पैसों की जरूरत का झांसा देता है। गिरोह का सदस्य 5 हजार रुपए का सामान 2 हजार रुपए में देने का लालच देता है। इस दौरान गैंग के अन्य सदस्य एक्टिव हो जात हैं और उसे खरीदने का नाटक करने लगते हैं। इस दौरान महिला झांसे में आ जाती है और उस सामान के बदले गहना या कैश दे देती है।

**होल मार्क भी दिया जाता हैः** गिरोह के पास से बरामद नकली सोने की गुल्ली पर एक होल मार्क भी दिया होता है, जिससे पहचान हो सके कि कौन से गिरोह का गुल्ली है। इसमें दूसरे गिरोह के लोग शामिल नहीं होंगे।

इस बीच किसी माध्यम से गिरोह के लोगों के बारे में पीड़ित को जानकारी मिल जाति है तो पीड़ित को ठगी का पैसा या समान भी लौटाने का काम करते हैं। एक माह में ठगी लगभग 30 घटना को अंजाम देते हैं और इसी तरह पटना के अलग अलग थाना क्षेत्रों में घटना को अंजाम देते हैं चुकी महिला को खास कर इसमें टारगेट किया जाता है कि आसानी से महिला झांसे में आ जाती है और घटना को अंजाम देकर निकल जाते हैं।

**पटना में बारिश के बाद दिन में छाया अंधेरा**

## नालंदा, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय में बरसे बादल, आकाशीय बिजली का भी अलर्ट



एजेंसी, पटना।

पटना, नालंदा, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय में 12 बजे बाद अचानक मौसम ने करवट ली है। चारों जगहों पर अच्छी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज 19 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही कई जिलों में आकाशीय बिजली को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार की दोपहर बाद बिहार के किशनगंज, मधेपुरा, रक्सौल, बेतिया और लखीसराय में मौसम का मिजाज बदला और झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को उमस गर्मी से राहत मिली। इसके साथ ही कई शहरों में बादल छाए रहे। वहीं, भागलपुर में 5 साल पुरानी पानी की टंकी गंगा के कटाव में बह गई। इसके अलावा सबौर की मलखा पंचायत में गंगा के कटाव का खतरा मंडरा रहा है। इन सबके बीच मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के 19 जिलों में हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की माने तो अगले दो दिनों तक प्रदेश में नमी के साथ पुरवा हवा चलेगी। इससे आसमान में बादल छाए रहेंगे।

## भवन का कार्य पूरा, उद्घाटन जेपी नड्डा करेंगे

एजेंसी, पटना।



आईजीआईएमएस के सुपर स्पेशलिटी नेत्र अस्पताल रीजनल इंस्टीच्युट आफ आप्थलमोलॉजी के नए भवन में नेत्र संबंधित बीमारियों का इलाज की सुविधा छह सितंबर से राज्य के मरीजों को मिलने लगेगी। नेत्र इमरजेंसी समेत ओपीडी और इंडोर की सुविधा हो जाएगी बहाल। नए भवन का उद्घाटन छह सितंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा करेंगे।

भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इस पर 189 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इस नेत्र अस्पताल में 154 बेड और पांच सुपर सेप्शलिटी विभाग की व्यवस्था होगी। आरआईओ के हेड डॉ. विभूति प्रसन्न सिन्हा के मुताबिक छह सिंतबर से आरआईओ के नए भवन में चिकित्सकीय सुविधाएं बहाल हो जाएंगी। ओपीडी और इंडोर के साथ 24 घंटे नेत्र इमरजेंसी की सुविधा बहाल हो जाएगी। सरकारी सेटअप में यह नेत्र अस्पताल पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा नेत्र अस्पताल होगा। यहां डायबिटिक रेटिनोपैथी, ग्लूकोमा से लेकर पेडिएट्रिक आप्थलमोलॉजी, आंखों से चश्मा हटाने आदि का इलाज होगा। अस्पताल की क्षमता हर साल तीन लाख मरीजों को चिकित्सकीय चिकित्सा पहुंचाने की है।

## दिसंबर तक पूरा होगा पटना-गया-डोभी सड़क का निर्माण, अनीसाबाद से सिपारा के बीच न्यू बाइपास पर 1100 मीटर लंबा फ्लाईओवर बनेगा

एजेंसी, पटना।



> फोर लेन हाइवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। दिसंबर तक पटना न्यू बाइपास से जोड़ने का काम पूरा हो जाएगा। इसका सीधा लाभ तीन जिले के स्थानीय लोगों के साथ पूरे राज्य को मिलेगा। आम लोग 2 से 2.30 घंटे में पटना से गया की सफर पूरा करेंगे।
>
> - गुलाम कादिर, परियोजना निर्देशक, एनएचएआई

पटना-गया-डोभी रोड दिसंबर तक चालू हो जाएगा। 2.8 किमी सड़क का निर्माण पूरा होते ही यह पटना न्यू बाइपास से जुड़ जाएगा। इस सड़क के चालू होते ही न्यू बाइपास पर अचानक से वाहनों का फ्लो बढ़ेगा, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होगी। इससे निपटने के लिए अनीसाबाद से सिपारा के बीच आने जाने के लिए 1100 मीटर लंबा फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाएगा। यह फ्लाईओवर भी मई 2025 तक बन कर तैयार हो जाएगा। इस फ्लाई ओवर के नीचे से पटना शहर में गया-डोभी के इलाके से आने वाली गाड़ियां प्रवेश करेंगी। अनीसाबाद से सिपारा-दीदारगंज की ओर आने-जाने वाली गाड़ियां फ्लाई ओवर के उपर से पार करेंगी।

**निर्माण से अधिक जमीन के लिए खर्चः** इस फोर लेन हाइवे को बनाने में 2200 करोड़ की राशि खर्च हुई है। जबकि, जमीन अधिग्रहण पर 3300 करोड़ खर्च हुआ है। इसका डीपीआर 2010-11 में बना था। जमीन अधिग्रहण में देरी होने के बाद प्रोजेक्ट शुरू करने में देरी हुई। जिला प्रशासन की ओर से 60 प्रतिशत जमीन अधिग्रहण होने की जानकारी दिए जाने के बाद एनएचएआई ने नवम्बर 2020 में टेंडर निकाला। इसके बाद काम निर्माण कार्य शुरू हुआ।

**130 किमी लंबा है फोर लेन हाइवेः** पहले चरण में दो लेन हाइवे को अगले दो महीने में चालू किया जाएगा। इसके अगले दो महीने में बचे काम को पूरा कर चालू कर दिया जाएगा। पटना न्यू बाइपास से नत्थुपुर के बीच 2.8 किमी लंबे हाईवे का निर्माण दिसंबर तक पूरा होगा। पटना न्यू बाइपास से नत्थुपुर के बीच 2.8 किमी लंबे हाईवे और पटना न्यू-बाइपास पर बनने वाले 1100 मीटर लंबे फ्लाई ओवर के निर्माण पर 96 करोड़ की राशि खर्च हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

# मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड बने जे पी त्रिपाठी



**चाणक्यभूमि मझौलिया।** शुगर इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड के पद पर बुधवार के दिन डॉ. जयप्रकाश त्रिपाठी ने काम काज संभाला। जानकारी बिड़ला ग्रुप जय श्री टी एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एडवाइज़र सह ग्रुप एच आर अनिल कुमार सिन्हा ने दी।योगदान के साथ ही यूनिट हेड श्री त्रिपाठी ने कहा कि चीनी मिल को बेहतर ढंग से संचालित करना पहली प्राथमिकता होगी। सहयोगियों के साथ मिलकर कीर्तिमान स्थापित किया जायेगा। बताते चले कि श्री त्रिपाठी शुगर इंडस्ट्रीज में बतौर महाप्रवंधक गन्ना कार्यरत थे। शुगर इंडस्ट्रीज का बेहतर अनुभव होने के कारण बिड़ला ग्रुप के सीएफओ वी के गनेरीवाल ने यह अवसर प्रदान किया है।निसंदेह शुगर इंडस्ट्रीज के विकास में इनका अनुभव काम आयेगा।किसानों व शुगर इंडस्ट्रीज के कर्मियों में इस बावत हर्ष है ।

# नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को जेल


» इस घटना को पड़ोसी नाबालिग युवक ने घटना को दिया अंजाम

**चाणक्य भूमि मझौलिया।**पांच वर्षीय किशोरी के साथ एक पड़ोसी नाबालिग युवक ने सोमबार की संध्या रेप की घटना को अंजाम दिया था । पीड़ित किशोरी की माता ने इस बावत मझौलिया थाना में बीएनएच की धारा 61(2) तथा पाक्सो एक्ट(4) और( 6) के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुएआरोपी युवक राजन कुमार को गिरफ्तार कर बुधवार के दिन जेल भेजा। एसएचओ अखिलेश मिश्र ने बताया कि थाना क्षेत्र के एवं गांव में एक 14 वर्षीय युवक ने अपने ही पड़ोस के पांच वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म की बारदात को अंजाम दिया है।मामले में पीड़ित की मां के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।तथा पीड़ित किशोरी को मेडिकल जांच हेतु जीएमसीएच भेज दिया है। उन्होंने बताया कि सोमवार संध्या चार बजे के करीब युवक ने दुष्कर्म की बारदात का अंजाम दिया।यहां यब उल्लेखनीय है कि घटना से संबंधित एक वीडियो ग्रामीणों ने पुलिस को मुहैय्या कराया है।

## तिरहुत मुख्य नहर में दिखी डॉल्फिन देखने उमड़ी भीड़

**चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर।** वाल्मीकिनगर स्थित तिरहुत मुख्य नहर में डॉल्फिन देखी गई है, जो कि गांव वासियों के बीचे कौतूहल का विषय बना हुआ है। डॉल्फिन की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और सभी मछली को देखने लगे। नहर के किनारे गांव के बच्चे टहल रहे थे तभी नहर में एक विशालकाय मछली दिखी। बच्चों ने शोर मचाया तो ग्रामीण की भारी भीड़ जमा हो गई। गंडक बराज से मुख्य तिरहुत नहर में पानी छोड़ा जाता है। इसी पानी के वेग के साथ डॉल्फिन इस नहर में आ गया है। डॉल्फिन देखे जाने के सवाल पर वाल्मीकिनगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि डॉल्फिन देखे जाने की सूचना मिली है। यदि जांच में डॉल्फिन होने की पुष्टि होती है तो उसका रेस्क्यू कर गंडक नदी में छोड़ दिया जाएगा।

## 112 के पुलिस गश्ती दल को मिला बिछड़ा बालक



**चाणक्य भूमि नरकटियागंज।** नरकटियागंज की 112 की टीम को गश्ती के दौरान नरकटियागंज फ्लाईओवर के नजदीक एक साढ़े तीन साल का बालक रोते हुए दिखा , बालक को अकेला और रोते देख गश्ती दल के पुलिसकर्मियों को समझते देर नहीं लगी की ये बालक अपने परिवार से बिछड़ गया है।गश्ती दल ने बालक को अपने कब्जे में ले लिया। बहुत पूछने पर भी बालक कुछ भी बताने में असमर्थ था, पुलिसकर्मी शहर के सामाजिक संगठनों ,मीडिया से भी आग्रह किए हैं की बालक के अभिभावक तक बात पहुंचाने की कोशिश करे। समाचार लिखे जाने तक उसके अभिभावक से संपर्क नहीं हो पाया था और ना ही बच्चे की पहचान हो पाई थी।

# मारपीट के मामले में एक महिला गिरफ्तार, जेल

**चाणक्य भूमी,बैरिया।** बैरिया थाना के पुलिस ने थाना क्षेत्र के मलाही बलुआ पंचायत के सिरसिया गांव से मारपीट के मामले में हफिजन खातून को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि बीते छह माह पूर्व जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष में मारपीट हुई थी।जिसमे 11 लोगो पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी ।जिसमे सिरिसिया निवासी हफीजन खातून को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# जयनगर पंचायत समिति सामान्य बैठक का आयोजन

चाणक्य भूमि जयनगर



» कार्यपालक पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से रखी बैठक, कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर की अध्यक्षता में पंचायत समिति एक सामान्य बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड प्रमुख श्री मति पूनम देवी, माननीय सभी पंचायत समिति, सभी मुखिया तथा प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी गण उपस्थित हुए, जिसमे पंचायत में कई योजना से संबंधित अपना- अपना ज्ञापन दिया गया, उसके बाद मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रास बिहारी यादव, दुल्लीपट्टी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र यादव, बरही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जामुन चौधरी के द्वारा बताया गया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की लापरवाही के कारण किसी भी विद्यालय में सही तरीका से पठन- पाठन नही कराया जा रहा है, साथ ही बैरा पंचायत के पंचायत समिति, बरही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जामुन चौधरी, बेलही पूर्वी पंचायत के मुखिया लाल बिहारी मंडल के द्वारा बताया गया कि अंचल कार्यालय के कर्मी द्वारा दाखिल खारिज के नाम पर जब तक मोटा रकम नही दिया जाता है, तो किसी न किसी कारण से आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाता है, जिसमें अंचल अधिकारी के द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है।

साथ ही बरही पंचायत के पंचायत समिति ने बताया की कई सारे मामले आंगनवाड़ी केंद्र को सही तरीके से नहीं चलाया जाता है, आगे शिकायत पड़वा बेलही के मुखिया के द्वारा बताया गया कि शौचालय निर्माण उपरांत जब भी भुगतान हेतु, जो भी आवेदन दिया जाता है, जिसे जल्द भुगतान कराने के हेतु मांग किया है। आगे बताते चलें कि सेलरा पंचायत के मुखिया के द्वारा बताया गया कि पेंशन योजना का हर एक- एक लाभुक को लाभ दिलाने हेतु मांग किया गया है, साथ ही देवधा उत्तरी पंचायत के मुखिया ने बताया गया कि पंचायत भवन पर पंचायत स्तरीय सभी कर्मी के द्वारा दिन के 10 बजे से 2 बजे तक पंचायत में उपस्थित होकर पंचायत के सभी कार्यों के ससमय निष्पादित कराने के लिए मांग भी किया, साथ ही बरही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र यादव एवं मुखिया प्रतिनिधि जामुन चौधरी ने बताया गया कि जन्म एवं मृत्यू प्रमाण पत्र बनाने हेतु आरटीपीएस काउंटर के माध्यम से आवेदन जमा होने के उपरांत निर्गत कराने हेतु मांग किया जाता है, साथ ही कन्या विवाह एवं पारिवारिक लाभ का को भी आवेदन लंबित है जिसे जल्द से जल्द निष्पादित कराने हेतु मांग किया गया।।

# डीएम ने एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत

चाणक्य भूमि मोतिहारी



» जीवन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों को डीएम, डीआईओ व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने खिलाई दवा

जलिधिकारी सौरभ जोरवाल ने बच्चों को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को कृमि प्रभावित करता है। जिसके कारण बच्चों का शारीरिक, मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। इससे बचाव के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों को दवा खिलाई जा रहीं है। उन्होंने बताया कि छूटे हुए बच्चों के लिए पुनः 11 सितंबर को सभी सरकारी / प्राइवेट स्कूलों आँगनबाड़ी केंद्रों में मॉप-अप दिवस पर कृमि से बचाव की दवा खिलाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि बच्चों में दवा खाने से हल्का- फुल्का साइड इफेक्ट हो सकता है। इससे घबराएं नहीं। जिला एवं प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम की व्यवस्था की गई है। हल्का साइड इफेक्ट का मतलब है कि आपके शरीर का कीड़ा समाप्त हो रहा है।

जिलाधिकारी ने सभी अभिभावकों से सभी बच्चों को कृमि की दवा खिलवाने की अपील की। वहीं डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने कहा कि सबसे पहले इस बात का ध्यान रखना है कि बच्चा पूर्णतः स्वस्थ हो एवं खाली पेट न हो। कार्यक्रम का शुभारम्भ डीएम सौरभ जोरवाल एवं डीसीसी समीर सौरभ ने दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर जीवन इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक महेश प्रसाद श्रीवास्तव, उमरेश देवी एवं अध्यक्ष जीवन प्रकाश ने डीएम, डीडीसी एवं उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

आशा समन्वयक नन्दन झा ने बताया कि जिले के 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को अलग अलग डोज के अनुसार 31 लाख 75 हजार 456 बच्चों को एल्बेण्डाजोल दवा स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में खिलाई जाएगी। अध्यक्ष जीवन प्रकाश ने बताया कि जीवन इंटरनेशनल स्कूल बंजरिया में 1200, चांदमारी में 700, जीवन पब्लिक स्कूल लखौरा में 1200 बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। विद्यालय के बच्चों को दवा खिलाने में शिक्षक राजेश श्रीवास्तव, अमन गौतम, स्वर्णिम श्रीवास्तव, शिप्रा कु, अन्नू श्री, दिव्या दर्शना, शोभा सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि उल्टी, दस्त और कमजोरी जैसे कुछ साइड इफेक्ट्स का अनुभव हो सकता है। इन्हें आसानी से संभाला जा सकता है। प्रतिकूल घटना होने पर बच्चों को खुली छायादार जगह में लिटाकर आराम करवाएं और पीने का साफ पानी दें। ओआरएस का घोल दें। ध्यान रखें कि अगर बच्चे के लगातार असहज महसूस करने पर माता-पिता या अभिवावक द्वारा किसी भी चिकित्सकीय सहायता के लिए एएनएम या आशा से सम्पर्क करें एवं सदर अस्पताल लेकर आए।

मौके पर डीडीसी समीर सौरभ, बीडीओ रोहन सिँह, डीआईओ डॉ एससी शर्मा, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीसीएम नन्दन झा, डैम, डीपीसी, एमओआईसी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जीवन प्रकाश, यूनिसेफ़, पीरामल, सीफार एनडीडी कोर्डिनेटर, शिक्षक राजेश श्रीवास्तव, अमन गौतम, स्वर्णिम श्रीवास्तव व अन्य लोग उपस्थित थे।

# कुदरकट पैक्स के सचिव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चाणक्य भूमि रक्सौल

छौड़ादानो प्रखंड क्षेत्र के कुदरकट पैक्स में धान गबन मामले में दर्ज प्राथमिकी में पैक्स सचिव राजकुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और शेष आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम छापेमारी कर रही है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने छौड़ादानो के कुदरकट पैक्स अध्यक्ष व अन्य पर धान अधिप्राप्ति में अनियमितता बरतने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसकी जानकारी देते हुए रक्सौल एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि फर्जी कागजी खरीद पर सरकारी 56 लाख के गबन की दर्ज प्राथमिकी में कुदरकट पैक्स के सचिव को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम के द्वारा छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित छौडादानो के मठिया ग्राम निवासी चंद्रशेखर सिंह का पुत्र है।

मामला बिहार राज्य खरीफ विपणन मौसम 2023-24 का है। सरकार के द्वारा किसानों के धान की खरीद में पैक्स में सरकारी राशि का गबन होने का खुलासा हुआ है। धान अधिप्राप्ति मे उक्त पैक्स में फर्जी आंकड़ा बताकर लगभग 56 लाख सरकारी रुपए का गबन कर लिया गया है।

उक्त पैक्स के अभिलेख मे 469.70 एमटी धान क्रय किया जा चुका है। जिसका समतुल्य सीएमआर 319.4 एमटी बिहार राज्य खाद्य निगम मोतिहारी को आपूर्ति की जानी थी। परंतु कुदरकट पैक्स द्वारा अभी तक मात्र 174 एमटी सीएमआर राज्य खाद्य निगम मोतिहारी को आपूर्ति की गई। 145.4 एमटी सीएमआर का आपूर्ति नहीं करने पर सहकारिता विभाग की नजर इस तरफ गई।

पिछले तीन माह से कुदरकट पैक्स अध्यक्ष को पत्राचार, दूरभाष एवं व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के द्वारा सीएमआर आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया लेकिन पैक्स अध्यक्ष बहानेबाजी करते रहे।

सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ने जब पैक्स गोदाम में जाकर देखा तो गोदाम खाली था। धान की मात्रा शून्य पाई गई। जबकि अध्यक्ष के खरीददारी अभिलेख के मुताबिक पैक्स गोदाम में 258.575 एमटी धान होना चाहिए था। जांच प्रतिवेदन में सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ने पैक्स अध्यक्ष पर 258.575 एमटी धान के गबन का प्रतिवेदन दिया गया है। जिसकी कुल राशि लगभग 56 लाख 44 हजार 6 सौ 92 रुपया है। उक्त पैक्स पर सरकारी राशि के गबन की प्राथमिकी छौड़ादानो थाना में दर्ज कराई गई है।

# किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर



» किसानों गोष्ठी का उद्घाटन स्थानीय विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया

जलवायु अनुकूल खेती के तकनीक को किसानों के बीच साझा करने के लिए बुधवार की दोपहर प्रखंड कृषि कार्यालय के अधिकारियों द्वारा वाल्मीकिनगर के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन वाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

किसान गोष्ठी में उपस्थित दर्जनो की संख्या में किसानों को संबोधित करते हुए विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जलवायु अनुकूल खेती तभी संभव है, जब बारिश होगी। 10 साल पूर्व इस समय बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहता था। लेकिन आज क्या कारण है कि बारिश के लिए हमलोग तरस रहे हैं। जब बारिश नहीं होगी तब जलवायु अनुकूल खेती करना असंभव है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा मां के नाम लगाकर उसका संरक्षण भी करना होगा। किसान गोष्ठी के दौरान ड्रोन का भी उद्घाटन विधायक ने किया। यह ड्रोन किसानों के खेतों में दवा छिड़काव के लिए कारगर साबित होगा।

इस गोष्ठी में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शशांक नवल, कृषि समन्वयक अमरीश सहनी, सहायक तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक आशुतोष कुमार उपस्थित रहे।

# माले विधायक और राज्य कमिटी के सदस्यों का हुआ स्वागत

चाणक्य भूमि मधुबनी



आज भाकपा-माले के जिला कार्यालय में मालेनगर के कार्यकर्ताओं द्वारा घोसी के विधायक सह माले के राज्य कमिटी सदस्य कामरेड रामबली सिंह यादव, पार्टी नेता कामरेड संजय कुमार एवं पार्टी के मधुबनी जिला सचिव कामरेड ध्रुब नारायण कर्ण का स्वागत किया गया। साथ ही लोकल कमिटी सचिव कामरेड बिसंभर कामत ने पाग, माला एवं लाल गमछा पहनाकर लोकल कमिटी की ओर से सम्मानित किया।

इस मौके पर भाकपा- माले, जिला स्थायी समिती सदस्य सह बेनीपट्टी प्रखंड माले सचिव एवं खेग्रामस के राज्य कार्यकारणी सदस्य कामरेड श्याम पंडित, श्रवण राम, सज्जन सदाय, बीरेंद्र पासवान, अरबिंद पासवान, मोहम्मद ईमरान, दुर्गेस कामत, जग्गरनाथ साह, राम पासवान, मोहम्मद जाबीर, शैनी साह, प्रमोद मल्मिक, मोहम्मद रब्बानी, सोनू पासवान, योगी पासवान, नजराना खातून, लक्ष्मी देवी, धनीक लाल पासवान, राम नारायण ठाकुर सहित तीन दर्जन पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

माले विधायक कामरेड रामबली सिंह यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा सड़क से लेकर विधानसभा तक चलाये जा रहे संर्घषों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि गरीबों को हजारों- हजार की संख्या में गोलबंद होकर अपने अधिकारों खासकर भूमि अधिकारों के लिए संघर्ष करने से ही सरकार और प्रशासन को सोचना पड़ता हैं और काम भी करना परता हैं, जिसमें पार्टी संगठन की भूमिका और कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे अहम होती हैं। इसलिए हमें आंदोलनात्मक काम करने के साथ- साथ पार्टी संगठन के निर्माण, सुदृढ़ीकरण और कार्यकर्ता निर्माण पर सर्वाधिक जोर पर देना चाहिए।

# कुदरकट पैक्स के सचिव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चाणक्य भूमि रक्सौल

छौड़ादानो प्रखंड क्षेत्र के कुदरकट पैक्स में धान गबन मामले में दर्ज प्राथमिकी में पैक्स सचिव राजकुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और शेष आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम छापेमारी कर रही है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने छौड़ादानो के कुदरकट पैक्स अध्यक्ष व अन्य पर धान अधिप्राप्ति में अनियमितता बरतने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसकी जानकारी देते हुए रक्सौल एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि फर्जी कागजी खरीद पर सरकारी 56 लाख के गबन की दर्ज प्राथमिकी में कुदरकट पैक्स के सचिव को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम के द्वारा छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित छौडादानो के मठिया ग्राम निवासी चंद्रशेखर सिंह का पुत्र है।

मामला बिहार राज्य खरीफ विपणन मौसम 2023-24 का है। सरकार के द्वारा किसानों के धान की खरीद में पैक्स में सरकारी राशि का गबन होने का खुलासा हुआ है। धान अधिप्राप्ति मे उक्त पैक्स में फर्जी आंकड़ा बताकर लगभग 56 लाख सरकारी रुपए का गबन कर लिया गया है।

उक्त पैक्स के अभिलेख मे 469.70 एमटी धान क्रय किया जा चुका है। जिसका समतुल्य सीएमआर 319.4 एमटी बिहार राज्य खाद्य निगम मोतिहारी को आपूर्ति की जानी थी। परंतु कुदरकट पैक्स द्वारा अभी तक मात्र 174 एमटी सीएमआर राज्य खाद्य निगम मोतिहारी को आपूर्ति की गई। 145.4 एमटी सीएमआर का आपूर्ति नहीं करने पर



» आखिर पैक्स अध्यक्ष क्यूँ नहीं है पुलिस पकड के बाहर

सहकारिता विभाग की नजर इस तरफ गई।

पिछले तीन माह से कुदरकट पैक्स अध्यक्ष को पत्राचार, दूरभाष एवं व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के द्वारा सीएमआर आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया लेकिन पैक्स अध्यक्ष बहानेबाजी करते रहे।

सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ने जब पैक्स गोदाम में जाकर देखा तो गोदाम खाली था। धान की मात्रा शून्य पाई गई। जबकि अध्यक्ष के खरीददारी अभिलेख के मुताबिक पैक्स गोदाम में 258.575 एमटी धान होना चाहिए था। जांच प्रतिवेदन में सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ने पैक्स अध्यक्ष पर 258.575 एमटी धान के गबन का प्रतिवेदन दिया गया है। जिसकी कुल राशि लगभग 56 लाख 44 हजार 6 सौ 92 रुपया है। उक्त पैक्स पर सरकारी राशि के गबन की प्राथमिकी छौड़ादानो थाना में दर्ज कराई गई है।

# बाघ और तेंदुओं से रक्षा के लिए सम्पन्न हुआ एक दिवसीय कार्यशाला

चाणक्य भूमि गौनाहा



» वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने वाल्मीकि टाईगर रिजर्व के जंगल के किनारे डुमरी गांव में किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त बाघ और तेंदुए से मवेशियों की सुरक्षा के लिए उन्नत पशुपालन प्रथाओं पर कार्यशाला का अयोजन किया गया।

वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया डब्लू टी आई ने वाल्मीकि टाईगर रिजर्व के किनारे स्थित डुमरी गाँव में एक दिवसीय पशुपालन कार्यशाला का आयोजन किया। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्सक डॉक्टर संजीव रंजन ने कार्यशाला में 50 मवेशी पालकों को संबोधित किया। चेस्टर चिड़ियाघर, यू.के. की परियोजना प्रबंधक डॉक्टर दिशा शर्मा ने स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयासों और सहभागिता पर जोर दिया ताकि वन्यजीवों के कारण होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

इस क्षेत्र के किसान अक्सर अपने मवेशियों को बाघ और तेंदुए के हमलों में खो देते हैं, जब वे पास के जंगलों, नदी के किनारे, खेतों में चर रहे होते हैं, या कभी-कभी अपने बाड़े में होते हैं। यह नुकसान किसानों की आजीविका को बुरी तरह प्रभावित करता है। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में मवेशियों का नुकसान मानव वन्यजीव संघर्ष के प्रमुख पहलुओं में से एक है।

बिहार सरकार का वन विभाग मवेशी पालकों को उनके मवेशियों के नुकसान पर सांत्वना राशि प्रदान करता है। लेकिन, डब्लू टी आई के परियोजना प्रमुख श्री सुब्रत कुमार बेहेरा ने दीर्घकालिक समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि जंगल में मवेशियों के चराई की अवधि को कम किया जाए, बाड़े में चारा खिलाने को बढ़ावा दिया जाए, उन्नत पशु नस्लों को अपनाया जाए और मजबूत बाड़ों के निर्माण के द्वारा मवेशियों की सुरक्षा किया जाए।

डब्लू टी आई यू.के. के चेस्टर चिड़ियाघर के साथ मिलकर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में मानव-बड़े मांसाहारी जंगली जनवारो के संघर्ष को कम करने के लिए एक परियोजना चला रहा है। इस परियोजना को यूनाइटेड किंगडम सरकार से डार्विन इनिशिएटिव अनुदान का समर्थन प्राप्त है।

बाघ और तेंदुए के साथ सह-अस्तित्व बढ़ाने की इस परियोजना के तहत, डब्ल्यूटीआई ने पशुधन कृत्रिम गर्भाधान और बुनियादी पशु चिकित्सा देखभाल पर दो स्थानीय युवाओं के प्रशिक्षण का समर्थन किया। डुमरी गांव के बीरेंद्र कुमार और पुरैनिया गांव के शेषनाथ कुमार ने हाल ही में 3 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वे पशुपालकों को उन्नत नस्ल अपनाने में सहायता करेंगे और उनके इलाके में बुनियादी पशुधन सेवाएं प्रदान करेंगे। दोनों प्रशिक्षित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र सौंपे गए, और कृत्रिम गर्भाधान और पशुधन सेवाओं के अभ्यास के लिए आवश्यक बुनियादी उपकरण प्रदान किए गए।

बैठक में उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में मुखिया छोटन शाह ,जीतेन्द्र शाह (ईडीसी अध्यक्ष), राकेश दुबे, सीमा कुमारी और करिश्मा कुमारी शामिल थे। कार्यशाला में सूरज कुमार, वनपाल, और अविनाश कुमार, वन रक्षी, बजनी बीट कार्यालय ने भी भाग लिया। डब्ल्यूटीआई के स्वयं शंकर और विवेक कुमार बादल ने कार्यक्रम का समन्वय और संचालन किया।

# पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा अजीत ने रजत, सुंदर ने जीता कांस्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अजीत सिंह ने मंगलवार देर रात स्टेड डी फ्रांस में पेरिस 2024 पैरालिंपिक में पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि सुंदर सिंह गुर्जर ने इसी स्पर्धा का कांस्य पदक अपने नाम किया। अजीत ने पांचवें राउंड में 65.62 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया और अपना पहला पैरालंपिक पदक जीता।

विश्व रिकॉर्ड धारक सुंदर चौथे राउंड में 64.96 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने टोक्यो 2020 में इसी श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर अपना दूसरा पैरालंपिक पदक जीता। प्रतियोगिता में तीसरे भारतीय रिंकू 61.58 मीटर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। क्यूबा के गिलर्मो वरोना गोंजालेज ने 66.14 मीटर के दूसरे दौर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।



## पुरुषों की ऊंची कूद टी63 स्पर्धा में शरद ने रजत, मरियप्पन ने जीता कांस्य

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पेरिस 2024 पैरालिंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी63 स्पर्धा में मंगलवार देर रात शरद कुमार ने रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता। शरद ने टी42 श्रेणी में मरियप्पन का पैरालंपिक रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने टोक्यो 2020 में मरियप्पन के 1.86 मीटर के रिकॉर्ड को पार करने के लिए अपने दूसरे प्रयास में 1.88 मीटर पर निर्धारित बार को पार किया। इस प्रक्रिया में, शरद ने पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीतने के बाद अपना दूसरा सीधा पैरालंपिक पदक भी जीता। हालांकि, शरद 1.91 मीटर पार करने में विफल रहे। फिर उन्होंने बार को 1.94 मीटर तक बढ़ाया और दो और प्रयास विफल रहे।

# राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच के रूप में आईपीएल में वापसी करेंगे राहुल द्रविड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राहुल द्रविड़ इस साल जून में 2024 टी20 विश्व कप जीत के बाद भारत के कोच के रूप में अपने कार्यकाल के समापन के बाद, 2025 आईपीएल सीज़न से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) में मुख्य कोच के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार द्रविड़ ने हाल ही में फ्रैंचाइज़ी के साथ एक डील साइन की है और आगामी मेगा नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने के बारे में शुरुआती बातचीत की है। द्रविड़ का राजस्थान के साथ इतिहास रहा है। वह आईपीएल 2012 और 2013 में उनके कप्तान थे और 2014 और 2015 सीज़न में टीम डायरेक्टर और मेंटर के रूप में काम किया। 2016 में, द्रविड़ दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) में चले गए, जब तक कि वे 2019 में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख नहीं बन गए। 2021 में, उन्हें भारत की पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया और उन्होंने 11 वर्षों में अपने पहले आईसीसी खिताब के साथ अपने तीन साल के कार्यकाल का अंत किया। राजस्थान द्वारा द्रविड़ के सहायक कोचों में से एक के रूप में भारत के पूर्व बल्लेबाज विक्रम राठौर को भी साइन करने की संभावना है। भारत के पूर्व चयनकर्ता राठौर 2019 में भारत के बल्लेबाजी कोच बनने से पहले एनसीए में द्रविड़ के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। यह समझा जाता है कि द्रविड़ आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कमान संभालेंगे, जबकि कुमार संगकारा, जो 2021 से उनके क्रिकेट निदेशक हैं, अपनी फ्रैंचाइज़ी के साथ बने रहेंगे और अन्य लीगों में उनकी टीमों एसए20 में पार्ल रॉयल्स और सीपीएल में बारबाडोस रॉयल्स, की देखभाल करेंगे। 2008 में उद्घाटन सत्र के बाद से राजस्थान ने आईपीएल खिताब नहीं जीता है; उनका अगला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2022 में था जब वे उपविजेता रहे। वे 2023 में प्लेऑफ़ में जगह बनाने में विफल रहे, सीज़न की शानदार शुरुआत के बावजूद लीग में पांचवें स्थान पर रहे, लेकिन 2024 में क्वालीफायर 2 में बाहर हो गए।

# भाविनाबेन पटेल टेबल टेनिस महिला एकल वर्ग 4 के क्वार्टर फाइनल में हारीं

**एजेंसी, पेरिस**



टोक्यो पैरालिंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय पैरा-पैडलर भाविनाबेन पटेल को बुधवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 में महिला एकल वर्ग 4 के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। चीन की झोउ यिंग के खिलाफ़ एक करीबी मुकाबले वाले क्वार्टर फ़ाइनल मैच में, पटेल अंततः 12-14, 9-11, 11-8, 6-11 के स्कोर से हार गईं। पहले गेम ने मैच की दिशा तय कर दी, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी। पटेल ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, लेकिन यिंग का कौशल अंतर साबित हुआ, चीनी पैडलर ने पहला सेट 14-12 से जीत लिया। यिंग ने दूसरे गेम में भी अपनी गति बनाए रखी, खेल पर हावी रही और 11-9 से आरामदायक जीत हासिल की। एलिमिनेशन का सामना करते हुए, पटेल ने तीसरे गेम में वापसी की और, इसे 11-8 से जीता, जिससे मैच निर्णायक चौथे गेम में चला गया। चौथे गेम में एक आशाजनक शुरुआत के बावजूद, पटेल अपनी गति को बनाए रखने में असमर्थ रहीं। यिंग ने नियंत्रण हासिल किया और 6-11 की जीत के साथ मैच को समाप्त कर दिया, जिससे पेरिस पैरालिंपिक में पदक जीतने की पटेल की उम्मीदें खत्म हो गईं।

## पेरिस पैरालिंपिकः सचिन खिलारी ने पुरुषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में जीता रजत

**एजेंसी, पेरिस**




पैरा-एथलीट सचिन खिलारी ने बुधवार को चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में पुरुषों की शॉट पुट एफ46 फाइनल में रजत पदक जीता। सचिन ने 16.32 मीटर थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जो क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ (एबी) भी है। हालांकि, भारतीय एथलीट 0.6 मीटर से चूकने के कारण शीर्ष स्थान से चूक गए। कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, यह उनका सीजन का सर्वश्रेष्ठ (एसबी) प्रदर्शन भी था। इस बीच, क्रोएशिया के लुका बाकोविक ने 16.27 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। हांग्जो में पिछले एशियाई पैरा खेलों में, सचिन ने स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 2023 और 2024 संस्करणों में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय पैरा-एथलीटों ने तीन वर्ष पहले टोक्यो पैरालंपिक खेलों में जीते गए 19 पदकों के अपने सर्वोच्च स्तर को पार करते हुए पेरिस में इतिहास रच दिया है। भारत ने अब तक 21 पदक जीत लिया है, जिसमें 3 स्वर्ण, 8 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। टोक्यो संस्करण (24 अगस्त - 5 सितंबर, 2021) में भारत ने पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य सहित 19 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# 44वीं एशियाई ओलंपिक परिषद की आम सभा की मेजबानी के लिए तैयार राजधानी दिल्ली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) 8 सितंबर को नई दिल्ली के कन्वेंशन सेंटर के भारत मंडपम में होने वाली आगामी 44वीं ओसीए आम सभा में अपने नए नेतृत्व का चुनाव करेगी। इस अवसर पर एशियाई ओलंपिक परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह, युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और एशिया के सभी 45 देशों के शीर्ष खेल नेता मौजूद रहेंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज और अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह को आधिकारिक तौर पर ओसीए के पहले भारतीय अध्यक्ष के रूप में घोषित किया जाएगा, जो इस साल की शुरुआत में शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार के रूप में उभरे थे। इस कार्यक्रम के एजेंडे में पूर्वी एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और पश्चिम एशिया के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्षों का चुनाव भी शामिल है। चुनाव गुप्त मतदान द्वारा कराए जाएंगे। चुनावों से पहले रणधीर सिंह ने कहा कि नई दिल्ली में ओसीए महासभा की मेजबानी करना देश के लिए गर्व की बात है। रणधीर सिंह ने एशियाई ओलंपिक परिषद की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा, "देश की राजधानी में ओसीए महासभा की मेजबानी करना भारतीय खेल जगत के लिए बहुत सम्मान की बात है। ओसीए के सदस्यों और अन्य प्रमुख वैश्विक खेल संगठनों और निकायों सहित दुनिया भर से विशेष गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करने में सक्षम होना हमारे देश के लिए सौभाग्य की बात है। हमें विश्वास है कि आगामी सभा नए नेतृत्व के तहत एशियाई देशों में ओलंपिक खेलों के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करेगी।" 8 सितंबर को होने वाले प्रमुख आयोजन से पहले, एशियाई ओलंपिक परिषद 5 सितंबर को नई दिल्ली में आईटीसी मौर्य में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित करेगी, जिसमें एशियाई ओलंपिक परिषद के उप महानिदेशक विनोद कुमार तिवारी और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओसी) की अध्यक्ष पी.टी. उषा रणधीर सिंह के साथ मौजूद रहेंगी।

## व्यापार

# वित्त मंत्री ने सड़क, परिवहन और राजमार्ग तथा संचार मंत्रालय के पूंजीगत व्यय की समीक्षा की

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां आयोजित एक बैठक में सड़क, परिवहन और राजमार्ग और संचार मंत्रालय के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में आर्थिक मामलों के विभाग, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा दूरसंचार विभाग के सचिवों ने भाग लिया। वित्त मंत्री ने बैठक में संबंधित मंत्रालयों से कार्यान्वयन में तेजी लाने और चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में ही पहली और दूसरी तिमाही के लक्ष्यों को पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पूंजीगत व्यय की प्रगति की समीक्षा के लिए वे इन बैठकों की अध्यक्षता करेंगी। सीतारमण ने बैठक के दौरान तिमाही लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर हासिल करना सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित किया।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण की अध्यक्षता में राजधानी नई दिल्ली में सड़क, परिवहन और राजमार्ग और संचार मंत्रालय के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के पूंजीगत व्यय की समीक्षा के दौरान, राष्ट्रीय राजमार्गों पर समग्र पूंजीगत व्यय, चालू वित्त वर्ष 2024-25 की आगामी तिमाहियों में अवार्ड और निर्माण के लक्ष्य, विभिन्न उपायों के माध्यम से निजी पूंजी को आकर्षित करने और परिसंपत्ति पुनर्चक्रण लक्ष्यों को पूरा करने पर चर्चा की गई। बैठक में संचार मंत्रालय की समीक्षा के दौरान भारत नेट कार्यक्रम, 4-जी मोबाइल परियोजनाओं- स्वदेशी प्रौद्योगिकी, स्पेक्ट्रम के लिए नेटवर्क, और 4-जी संतृप्ति और अन्य मोबाइल परियोजनाओं के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजीगत व्यय योजनाओं पर चर्चा की गई।

# प्रीमियर एनर्जीज और इंडियन फॉस्फेट की शेयर बाजार में धांसू एंट्री, लिस्टिंग के बाद फिसले दोनों शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली**




घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को दो शेयरों ने जोरदार एंट्री की। सोलर सेल और सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी प्रीमियर एनर्जीज के शेयर आज 120 प्रतिशत के प्रीमियम पर लिस्ट हुए। इसी तरह इंडियन फॉस्फेट के शेयर आज 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए। हालांकि, दिन के कारोबार में ये दोनों शेयर मुनाफा वसूली के शिकार हो गए, जिसकी वजह से आईपीओ निवेशकों के मुनाफे में कमी आ गई। प्रीमियर एनर्जीज का 2,830.40 करोड़ रुपये का आईपीओ 27 अगस्त से लेकर 29 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पांस मिला, जिसके कारण ये ओवरऑल 75 गुना सब्सक्राइब हो गया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 450 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर 991 रुपये के भाव पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 990 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। इस तरह आईपीओ के निवेशकों को लिस्टिंग के साथ ही 120 प्रतिशत का फायदा मिल गया। हालांकि, लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से बीएसई पर ये शेयर लुढ़क कर 839.65 रुपये के स्तर पर जाकर बंद हुआ। इस तरह पहले दिन की समाप्ति पर आईपीओ के निवेशकों का मुनाफा घट कर 86.59 प्रतिशत रह गया। इसी तरह इंडियन फॉस्फेट के शेयरों की आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफार्म पर एंट्री हुई। इंडियन फॉस्फेट का 67.36 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 से 29 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को ओवरऑल 267 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। आईपीओ के तहत 99 रुपये के भाव पर शेयरों का आवंटन किया गया था। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफार्म पर इसकी 188.10 रुपये के भाव पर लिस्टिंग हुई। इस तरह आईपीओ को निवेशकों को 90 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। हालांकि, आईपीओ के निवेशकों की खुशी थोड़ी देर में ही फीकी पड़ गई, क्योंकि ये शेयर बिकवाली के दबाव की वजह से 178.70 रुपये के लोअर सर्किट स्तर पर आ गया। इस तरह पहले कारोबारी दिन ही इस शेयर के आईपीओ निवेशकों का मुनाफा 80.5 प्रतिशत रह गया।

# हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप लाने की जरूरतः प्रह्लाद जोशी


**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में नए विचार लाने तथा युवाओं को शामिल करने के लिए स्टार्टअप लाने की जरूरत पर जोर दिया। प्रह्लाद जोशी ने 'हरित हाइड्रोजन इंडिया' 2024 के दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हमें स्टार्टअप लाने की जरूरत है, क्योंकि इसके लिए युवा तथा नए विचारों की जरूरत है। ग्रीन हाइड्रोजन पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 11 से 13 सितंबर तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस आयोजन का मकसद ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार ने 19,744 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस प्रदर्शनी में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पाद तथा प्रौद्योगिकी से संबंधित 120 से ज्यादा स्टॉल होंगे। इसमें 150 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय वक्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और नीदरलैंड मुख्य रुचि के क्षेत्र होंगे। इन पर सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का आयोजन नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक कार्यालय के सहयोग से किया जा रहा है। यह ग्रीन हाइड्रोजन परिदृश्य के बारे में हमारी समझ को गहरा करने और वैश्विक वैज्ञानिक समुदायों और उद्योगों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर होगा।

## सेंसेक्स 542 अंक लुढ़का, निफ्टी में भी 169 अंकों की गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दिख रही है। बाजार के प्रमुख सूचंकाक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 542.05 अंक यानी 0.66 फीसदी लुढ़ककर 82,013.38 अंकों पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, शुरुआती कारोबार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 169.40 अंक यानी 0.67 फीसदी की गिरावट के साथ 25,110.45 अंकों पर कारोबार कर रहा है। शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 शेयर में गिरावट दिख रहा है। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 46 शेयरों में गिरावट है, जबकि केवल चार शेयरों में तेजी दिख रही है। आईटी, मेटल और एनर्जी के शेयरों में ज्यादा गिरावट है। एशियाई बाजार में आज बड़ी गिरावट दिख रही है। जापान के निक्केई इंडेक्स में 3.31 फीसदी की गिरावट है। वहीं, हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 0.90 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.40 फीसदी की गिरावट है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बीएसई का सेंसेक्स 4.41 अंक यानी 0.0053 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 82,555.44 के स्तर पर बंद हुआ।

# सरकार ने निर्यातकों के लिए ब्याज समानीकरण योजना 30 तक बढ़ाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्याज समानीकरण योजना को एक और महीने के लिए 30 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दिया है। इस योजना का मकसद निर्यात को प्रोत्साहन देना है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से जारी एक व्यापार अधिसूचना में कहा गया है कि व्यापार तथा उद्योग को सूचित किया जाता है कि निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिये जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक निर्यातकों को ब्याज लाभ प्रदान करने वाली यह योजना 31 अगस्त, 2024 को समाप्त हो गई थी। जून में इस योजना को दो महीने के लिए बढ़ाया गया था। ये योजना केवल एमएसएमई विनिर्माण निर्यातकों के लिए है। उल्लेखनीय है कि निर्यातकों को निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिये जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना के तहत सब्सिडी मिलती है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे पहले 8 दिसंबर, 2023 को इस योजना को 30 जून तक जारी रखने के लिए 2,500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन को अपनी मंजूरी दी थी।

# छात्रों को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की हुई शुरुआत

चाणक्य भूमि बेतिया

जिले भर के सरकारी, प्राइवेट स्कुल एवं आँगनबाड़ी केन्द्रो में बच्चों को पेट के कृमि से बचाव हेतु एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाई जाती है। जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं डीसीएम राजेश कुमार के देख रेख में बेतिया के बिपिन हाई स्कूल की छात्राओं को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत की गईं। मौके पर डॉ रमेश चंद्रा ने कहा की कृमि से बचाव व शरीर की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को अलग अलग डोज के अनुसार दवा का सेवन आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के देख रेख में किया जायेगा ।

वहीं जिला स्वास्थ्य समिति के डीसीएम राजेश कुमार ने कहा की छूटे हुए बच्चों के लिए 11 सितंबर को पुनः मॉप-अप दिवस पर एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया की जिले के 1हजार 5 सौ



55 गाँवो में, 03 हजार 4 सौ 42 स्कूलों, 3 हजार 4 सौ 60 आँगनबाड़ी केंद्र, पर 3 हजार 5 सौ 73 आशा, 7 सौ 55 एएनएम के सहयोग से जिले में 24 लाख 45 हजार 180 एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है।

**» जिले मे 24 लाख 45 हजार बच्चों को दवा खिलाने का है लक्ष्य सावधानी रखते हुए खाली पेट दवाए नहीं खिलाएं और हल्का साइड इफेक्ट हो तो घबराये नहीं**

डीसीएम राजेश कुमार ने कहा की कृमि से बचाव हेतु दवा खिलाई जाती है परन्तु किसी किसी बच्चे में दवा खाने से हल्का- फुल्का साइड इफेक्ट होता है इससे घबराएं नहीं। जिला एवं प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम की व्यवस्था की गईं है। हल्का साइड इफेक्ट का मतलब है कि आपके शरीर का कीड़ा समाप्त हो रहा है।उन्होंने सभी अभिभावकों से सभी बच्चों को कृमि की दवा खिलवाने की अपील की। वहीं डीआईओ डॉ अवधेश सिँह ने कहा कि सबसे पहले इस बात का ध्यान रखना है कि बच्चा पूर्णतः स्वस्थ हो एवं खाली पेट न हो।

मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा, डीसीएम राजेश कुमार, डीपीसी अमित कुमार, यूनिसेफ़, पीरामल, पीएसआई, एनडीडी कोर्डिनेटर, शिक्षक व अन्य लोग उपस्थित थे।

बगहा 02 के रामपुर मध्य विद्यालय में बच्चों को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीसीएम अनिल कुमार के द्वारा परसौनी मिडिल स्कूल के बच्चों को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बीसीएम, बीएचएम, काउन्सलर के देखरेख में एलबेंडाजोल की दवा खिलाई गईं। बभनौली प्रखण्ड मैनाटांड़ मे आशा कार्यकर्ता के द्वारा हाउस टू हाउस दवा खिलाया जा रहा है। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भीतहां, स्कूल मे बच्चों को एलबेंडाजोल की दवा खिलाई गईं।

## एसपी ने किया पताही थाना क्षेत्र का निरिक्षण

चाणक्य भूमि

**एस गुप्ता : मोतिहारी**



पताही थाना क्षेत्र के गुजरौल गांव के राकेश हत्या मामले में जिले के पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने घटना स्थल बड़का पुल का किया निरीक्षण,पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार एवं केस के आईओ सह प्रभारी थानाध्यक्ष संजय चौधरी से लिया घटना की जानकारी,दोनो पदाधिकारियों को पुलिस अधीक्षक ने दिया निर्देश,मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी को हैदराबाद से गिरफ्तार कर भेज चुकी है जेल।




## अभाविप ने प्राचार्य का पुतला किया दहन



चाणक्यभूमि गौनाहा

गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त लचर शिक्षा व्यवस्था को लेकर विद्यार्थी परिषद ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गौनाहा कन्या के प्रधनाध्यापक अमर प्रकाश आर्य का पुतला का दहन किया। इनके कार्यो के बारे में कई बार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर इनक भ्रष्टाचार को रोकने के लिए मांग किया गया था। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक राजा श्रॉफ ने बताया कि हम सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को पूर्व में ज्ञापन के माध्यम से सूचना दिये थे कि राजकीय उच्च विद्यालय कन्या के प्रधानाध्यापक द्वारा 10+2

**» राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गौनाहा कन्या के प्रधानाध्यापक अमर प्रकाश आर्य का पुतला दहन**

में छात्रों का शोषण हो रहा है। अगर इसपे कार्यवाही नही हुई तो विद्यार्थी परिषद बड़ा आंदोलन करेगा।

जिला एसडीएस अमित यादव व जैकी कुमार नगर मंत्री श्याम पटेल,सह नगर मंत्री अमित गुप्ता, एस एफ इस सुदीश गुप्ता आकाश मित्रा ने शिक्षा विभाग के नाकामियों को दिखाते हुए कहा कि अगर शिक्षा विभाग उचित कार्यवाही नही करती है पूरे प्रखंड में छात्र आंदोलन होगा

## जनसुराज ने निकाली मोटरसाइकिल रैली





चाणक्य भूमि बेतिया

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर के समर्थन में बेतिया जिला मुख्यालय में मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए लोगों ने भारी संख्या में मोटरसाइकिल रैली निकाली। रैली की शुरुआत नगर के हरिवाटिका चौक से हुई जहां सर्वप्रथम गांधी जी की मूर्ति का माल्यार्पण अनिल राव, संतोष चौधरी समेत सभी प्रबुद्ध नेताओ ने किया जिसके बाद इस रैली में सड़को पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। रास्ते में ढोल बाजे के साथ जय बिहार जय जन सुराज के नारों के साथ पूरा शहर गूंज उठा। नगर के विभिन्न सड़कों से गुजरते हुए यह रैली बानुछापर में

**» हज़ारों की संख्या मे जनसुराजीयों ने इस रैली में हिस्सा लिया जगह-जगह लगे जय बिहार जय जनसुराज के लगाये नारे**

जनसुराज के कार्यालय पहुंचीं। भारी बारिश भी कार्यकर्ताओं के हौसले को कम नहीं कर सकीं।

इस रैली में बैरिया के मशहूर समाजसेवी और मुखिया पति जन सुराज के नेता संतोष चौधरी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए।उन्होनें कहा कि कहा कि आने वाले दिनों में जन सुराज एक राजनीतिक पार्टी बनेगी और यह शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी तथा बुजुर्गों के हक के लिए लड़ाई लड़ेगी और उनका हक दिलाएगी।

इस दौरान रामनगर प्रखंड के पंचायती राज खटौरी के मुखिया व पूर्व जन सुराज के जिला अध्यक्ष स्मिता चौरसिया ने कहीं की प्रशांत जी ने हमें अपना बहन बनाया है और हम लोग उनको अपना भाई बनाए हैं। आगे उन्होंने कहा देश को आजाद करने के लिए महात्मा गांधी जी ने कहा था कि आप जो भी काम कीजिए ईमानदारी के साथ कीजिए तभी जाकर देश आजाद होगा इसीलिए हम लोगों को प्रशांत किशोर जी का साथ देना होगा और बिहार में एक नया उजाला लाना है।

जिला मुख्य प्रवक्ता रश्मि राव ने कहीं की हम लोग इतना अच्छा रैली निकाले हैं यह काबिले तारीफ है और हम लोग घर-घर जाकर जनसुराज से लोगों को जोड़ेंगे। जन सुराजी अनिल सिंह ने कहा कि हम लोग प्रशांत किशोर जी के साथ चलेंगे तभी बिहार बदलेगा। सिकंदर चंद्र ने कहा कि जो बिहार से लोगों का पलायन हो रहा है उसको आने वाले दिनों में रोका जाएगा बेरोजगारी को बिहार से मुक्त किया जाएगा। बच्चे बड़े बुजुर्गों का ख्याल रखेगी।

मोटरसाइकिल रैली में संतोष चौधरी, अनिल सिंह, कुंदन पाण्डेय, गोल्डेन अन्तुनी, दीपक कुमार उर्फ़ के.डी सिंह, मुन्ना हवारी, तनवीर अली, सुजीत कुमार उर्फ़ राधे, मनीष यादव, ज्योतिष चौधरी, मनीष तिवारी, मौजलाल, अजय कुमार यादव, सोनू कुमार आदि जन सुराज के कार्यकर्ता शामिल रहे।







## अनुमंडलीय अस्पताल में बगहा फिर एक बार बना नंबर वन

चाणक्यभूमि बगहा



अनुमंडलीय अस्पताल बगहा ने एक बार पूरे अनुमंडल का नाम पूरे राज्य में रोशन किया है। पूरे बिहार में अनुमंडलीय अस्पतालों की संख्या कुल 50 है। एक जून से अस्पताल प्रबंधन ने सरकार के आदेश पर भव्या पोर्टल से निबंधन करते हुए मरीजों का इलाज आरंभ किया था। वगहा एक तो कभी दो नंबर पर पूरे राज्य में काम करते हुए स्थान बनाए हुआ था। गोपालगंज का हथुआ अनुमंडलीय अस्पताल एक नंबर पर काबिज था।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रैंकिंग जारी किया गया था इसमें कुल अब तक 725 मरीज का निबंधन किया गया है। सभी का ऑनलाइन के माध्यम से इलाज चिकित्सकों ने किया है। शतप्रतिशत ऑन लाइन बगहा का दर्ज किया गया है। अब पहले नंबर पर बगहा पहुंच गया है। दूसरे नंबर पर निर्मली सुपौल था। लेकीन लगातार अस्पताल प्रबंधन के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। जिसका परिणाम यह हुआ कि एक अगस्त में भी पूरे बिहार में 51 अनुमंडलीय अस्पताल में नंबर वन स्थान प्राप्त किया है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ताजा रैंकिंग जारी किया है। आनलाइन प्रक्रिया से इलाज के लिए पूरे राज्य में बगहा को मिला नंबर एक का दर्जा मामले में प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि हम लोग मरीजों को लगातार जागरूक करते हुए भव्या पोर्टल के लाभ के बारे में बताते हुए जागरूक करने का काम कर रहें है। उनको बताया जा रहा है कि एक बार भव्या पोर्टल एप पर निबंधन कराने पर पुर्जा की आवश्यकता नहीं है। पूरा डिटेल ऑन लाइन उपलब्ध हो जाएगा। निबंधन संख्या डालते ही कहीं भी इलाज कराया जा सकता है। अब मरीज व उनके स्वजन जागरूक हो रहें है। परिणाम सुखद मिल रहा है।

## भूपेंद्र नाथ तिवारी की अध्यक्षता में शुरू हुआ सदस्यता अभियान

चाणक्य भूमि



बगहा बुधवार को बगहा भाजपा कार्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद दुबे और बगहा विधायक राम सिंह जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने सदस्यता अभियान 2024 का शुभारंभ किया गया जिसमें सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण किया।

जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद दुबे जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी बगहा विधायक राम सिंह जिला उपाध्यक्ष जिला सदस्यता प्रभारी हृदय दुबे रितु जायसवाल दुर्गेश ठाकुर हेमराज पटवारी रविकेश मिश्रा पूर्व मुखिया रामचंद्र सिंह अचिंत्य कुमार लाल सुजीत चौरसिया मुखिया उपेंद्र दीक्षित समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया इस दौरान माननीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि हर 6 साल के बाद सभी कार्यकर्ताओं एवं मंत्रियों को सदस्यता ग्रहण करना पड़ता है इसके साथ ही किसी पद के लिए कम से कम 100 लोगों की सदस्यता दिलानी पड़ती है।

इस दौरान श्री दुबे ने आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि 1990 से लेकर 2005 तक यहीं आरजेडी की सरकार रहीं यहीं चंपारण को मिनी चम्बल के नाम से जाना जाता था। वही श्री दुबे ने कहा कि फिर से बिहार की जनता पीछे जाना नहीं चाहती है ।







## सिटी मांटेसरी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

चाणक्यभूमि बगहा


बगहा नगर के सिटी मांटेसरी स्कूल में शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा पंचम तक छात्र प्रतिभागी रहे। इस कार्यक्रम में भाव नृत्य, भाषण तथा गायन प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। जजो की भूमिका में प्राचार्या डॉ सीमा स्वधा, निदेशक प्रमोद कुमार गुप्ता रहे। विद्यालय प्रबंधक सौरभ के.स्वतंत्र ने बताया कि विजेताओं को पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। वहीं विद्यालय में उम्दा प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रबंधन ने सम्मानित किया।

भाव नृत्य में यूकेजी के छात्र सृजन स्वतंत्र, आरव, आकीब अली, अयांश, रासिद, समेह, अमित तथा तीरथ राज ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया। वही द्वितीय स्थान पर रुद्र, नयन, निखिल, प्रिंस, आदित्य की टीम रही। तृतीय स्थान यूकेजी की छात्राओं ने अर्जित किया। भाषण में प्रथम स्थान पर यशवर्धन शौर्य, द्वितीय अथर्व भारद्वाज तथा तृतीय स्थान पर




**» सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाव नृत्य,भाषण तथा गायन प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई**

अलिशबा एवं महक खान रही। गायन में तृषा वर्मा प्रथम, सृजन द्वितीय एवं रियांश तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में संजय वर्मा, अशोक पटेल, प्रियम्वदा शिखा, सोफिया स्मिथ, राजू कुमार, आदित्य कुमार, अंतिमा चौरसिया, पूनम गुप्ता की भूमिका महत्पूर्ण रही।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714